26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 5 अगस्त, 2026

अंक- 282 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# विधानसभा में तीसरे दिन भी सपा का हंगामा

## शिवपाल बोले- भाजपा को देना ही होगा जवाब



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** यूपी विधानसभा परिसर में मानसून सत्र के तीसरे दिन समाजवादी पार्टी के विधायकों और नेताओं ने 'चंदा चोरी' के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सपा नेता और विधायक हाथों में पोस्टर तथा दान-पत्र लेकर परिसर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए सरकार से इस मामले में तुरंत जवाब देने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव, अतुल प्रधान और सचिन यादव शामिल रहे। सपा नेताओं ने साफ कहा कि जब तक सरकार इस पर जवाब नहीं देती, वे सदन के भीतर और बाहर प्रदर्शन जारी रखेंगे। सपा विधायक और कार्यकर्ता हाथों में दान-पत्र और पोस्टर लेकर विधानसभा के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शन के दौरान 'जनता का पैसा कहां गया.. बीजेपी के खाते में?' लिखे पोस्टर दिखाए गए। निष्कासित पूर्व सपा नेता सचिन यादव भी पोस्टरों के साथ इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।







# रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखी

### आर्थिक वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने फौरी उधार के लिए अपनी नीतिगत ब्याज दर को वर्तमान घरेलू और वैश्विक हालात को देखते हुए 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखा है और घरेलू अर्थव्यवस्था के हालात को पहले से बेहतर बताया है। केंद्रीय बैंक के देश की आर्थिक वृद्धि और खुदरा महंगाई दर के बारे में अपने जून के अनुमानों में सुधार करते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत और मुद्रास्फीति के अनुमान को घटा कर पांच प्रतिशत कर दिया है। रिजर्व बैंक ने जून में वृद्धि दर के अनुमान को पहले के 6.9 प्रतिशत से घटा कर 6.6 प्रतिशत और मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ा कर 5.1 प्रतिशत कर दिया था।

**REQUIRED**

Tele Calling Staff, Phlebotomist एवं Lab Technician (Male/Female) की आवश्यकता। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें।

**Charak Pathology Lab**

Near Roadways Bus Stand, Civil Lines, Bijnor.

9917066099, 9837117997

## दर्दनाक हादसा : तीन कांवड़ियों की मौत

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना के पास बुधवार सुबह करीब पांच बजे हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीनों शिव भक्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, तीनों कांवड़िये हरियाणा के झज्जर जिले के रहने वाले थे और हरिद्वार की ओर कांवड़ यात्रा पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर चोटें आईं।



# प्राकृतिक नदी पर अवैध मिट्टी भराव का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की जांच व कार्रवाई की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )। धर्मनगरी बंगाली कॉलोनी क्षेत्र के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की से होकर गुजरने वाली प्राकृतिक नदी को अवैध रूप से बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध मिट्टी भराव पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।**

ज्ञापन में कहा गया कि यह प्राकृतिक नदी क्षेत्र के किसानों की सिंचाई और वर्षा जल निकासी का प्रमुख स्रोत है, लेकिन कुछ भू-माफिया बिना किसी सक्षम अनुमति के नदी में मिट्टी डालकर उसके प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नदी का प्रवाह अवरुद्ध हुआ तो बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या पैदा होगी, जिससे किसानों की फसलें



## भू-माफियाओं और एनएचएआई के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप, किसानों की सिंचाई और जल निकासी पर संकट

बर्बाद होने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन और जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित होगी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस अवैध कार्य में एनएचएआई के कुछ कर्मचारी भी कथित रूप से सहयोग कर रहे हैं। ज्ञापन में एनएचएआई के एसडीओ आशीष शर्मा का नाम भी स्थानीय लोगों द्वारा लिए जाने का उल्लेख करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि जांच पूरी होने तक नदी में चल रहे अवैध मिट्टी भराव कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए तथा नदी के प्राकृतिक स्वरूप और जल प्रवाह को बहाल कराया जाए, ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके और भविष्य में जलभराव व फसल नुकसान जैसी समस्याओं से बचा जा सके। ज्ञापन देने वालों में भाजपा मुहम्मदपुर देवमल मंडलाध्यक्ष दीपक मंडल, रवि कुमार, गौरव कुमार, इरफान, सोनू, राजकुमार, अरविंद, रमेश, सुखलाल, रतेंद्र, जगदीश कुमार, राकेश कुमार सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा बड़े आंदोलन को तैयार- चंद्रहास सिंह



**21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा एवं 25 सितंबर को लखनऊ में होगी महारैली**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच जनपद शाखा मुरादाबाद की डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडौला की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री हेमंत चौधरी एवं जिला संगठन मंत्री निश्चल भटनागर के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि अटेवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। आंदोलन के क्रम में 21 अगस्त को प्रांतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा एवं 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली आयोजित की जाएगी। पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा दृढ़ संकल्पित है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडौला ने कहा कि एनपीएस एवं निजीकरण पूंजीपतियों का षड्यंत्र जिसके लिए संगठित होने की आवश्यकता है। अटेवा ने पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को बड़ी मजबूती से करने का कार्य किया है। संघर्ष के बदौलत देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है। जिलाध्यक्ष सय्यद अफ़ज़ल, जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने आगामी आंदोलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। बैठक में जिला संरक्षक अमित कुमार, जिला कोषाध्यक्ष नासिर हुसैन, नर्सेज संघ जिलाध्यक्ष श्रीमती पूनम मेसी, हरी बाबू, मोनिका चौहान, अर्शिया परवीन, आजाद हुसैन, त्रिवेंद्र चौधरी, शेखर सिंह, राकेश शर्मा, आमिर खान, पूनम मेसी, दीपक कुमार, अमित कुमार, निशू भटनागर आदि ने संबोधित किया।

# लक्ष्य कॉलेज की छात्राओं ने डीएलएड परीक्षा में नाम रोशन किया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** लक्ष्य कॉलेज की डीएलएड की छात्राओं ने अपने महाविद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है। महाविद्यालय की छात्रा शादियां परवीन पुत्री नसीम अहमद ने 91.51प्रतिशत अंक हासिल करके महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। मोनिका का पुत्री रामावतार सिंह ने 90.62 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जबकि रितिका शर्मा पुत्री सतीश शर्मा ने 90.25 और एजमा परवीन पुत्री नसीम अहमद ने भी 90.25 प्रतिशत अंक हासिल करके दोनों ने तृतीय स्थान हासिल किया है। महाविद्यालय के प्रबंधक अनुराग चौहान ने सभी छात्राओं को बधाई दी है।



## आगामी चुनावों में आजाद समाज पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सकती है: नज़्मी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मुस्लिम फंड शाखा के मैनेजर महताब जफर नज़्मी ने कहा है कि आजाद समाज पार्टी कांशीराम उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे भारत में अपनी एक नयी पहचान बनाती हुई नजर आ रही है। अभी तीन राज्यों के हुए विधानसभा उपचुनावों में वैसे तो मध्यप्रदेश की विधानसभा क्षेत्र 22 दतिया सीट से कांग्रेस पार्टी के घनश्याम सिंह ने भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 6016 मतों से हराकर विजय प्राप्त की है। लेकिन मजेदार बात यह है कि इस उपचुनाव में आजाद समाज पार्टी कांशीराम से भी उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, जिन्होंने एक अच्छा प्रदर्शन करते हुए 22527 वोट प्राप्त किये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनावों में उनके विचार से आजाद समाज पार्टी किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है। क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चन्द्र शेखर आजाद एडवोकेट जनपद बिजनौर व उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश भर में कड़ा परिश्रम करके पाटी को बुलंदियों पर पहुंचा रहे हैं।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

कुत्तों द्वारा घायल हिरण किराने की दुकान में घुसा ( पेज 16 )



# कांवड़ियों की सुरक्षा खतरे में डाली, धड़ल्ले से दौड़ रहीं ट्रैक्टर-ट्राली

## रात में चौकी के सामने से दनादन गुजरते हैं अवैध मिट्टी खनन के वाहन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के चलते बिजनौर-नूरपुर मार्ग बंद है। लेकिन रात्रि में सीसीएस पुलिस चौकी के सामने से गुजरकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे खनन माफियों के ओवर लोडेड ट्रैक्टर-ट्रालियां धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जो पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं।

हल्दौर थाना क्षेत्र में सीसीएस पुलिस चौकी बाल किशनपुर चौराहा क्षेत्र अवैध मिट्टी के खनन का हब बना हुआ है। इस क्षेत्र में आयेदिन खनन माफिया पुलिस से सांठगांठ कर बेखौफ रात्रि से सुबह तड़के तक मिट्टी का अवैध खनन करने में लगे रहते हैं। खनन माफिया ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्रालियों से वह भी बिना नंबर की व बिना कमर्शियल वाहनों से धूल उड़ाते हुए और सड़कों पर मिट्टी बिखरते हुए सीसीएस पुलिस चौकी के सामने से रातभर इन वाहनों को बेखौफ गुजरते हुए कॉलोनी, प्लाटों आदि जगहों पर खनन करने में लगे हुए हैं। आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से भी गंज रोड से मिट्टी लाकर चौकी से सामने से गुजरते हुए नूरपुर रोड पर रात्रि में धड़ल्ले से भराव किया जा रहा है और पुलिस मौन है। गंभीर बात यह है कि इसमें कांवड़तियों की भी सुरक्षा को नजअंदाज किया जा रहा है और कांवड़ यात्रा के दौरान बंद बिजनौर-नूरपुर मार्ग पर धड़ल्ले से रात भर अवैध मिट्टी के खनन की ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ाई जा रही हैं, जिससे दुर्घटना होने का भी डर बना रहता है, जबकि मार्ग पूरी तरह अवागमन के लिए बंद है।

हल्दौर थाने में नये एसओ की तैनाती होने पर लग रहा था कि अब हल्दौर क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन पर अंकुश लग जाएगा, लेकिन सफेदपोश खनन माफिया लगता है उन पर भी हावी हो गए हैं। क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत अब पुलिस अधीक्षक व मुख्यमंत्री से करने की बात कही है। उधर सीसीएस पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई प्रवीण सिंह का कहना है कि मिट्टी के खनन होने का मामला उनके संज्ञान में आया था, शिकायत मिलने पर उसको बंद करा दिया गया है।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP


APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

## प्रबल हत्याकांड : हाईकोर्ट में कल नहीं हो सकी 13 आरोपियों के मामले में सुनवाई

### अब 11 अगस्त को सुनवाई की संभावना



प्रबल का फाइल फोटो

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रबल हत्याकांड में सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। प्रबल की बहन प्राची ने शहर के 13 अन्य व्यक्तियों को हत्या में शामिल बताकर उन्हें अदालत में तलब करके मुकदमा चलाने के लिये इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है, जिस पर कल सुनवाई होनी थी, लेकिन यह मामला 164वें नम्बर पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस पर अगले मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है।

प्रबल हत्याकांड में पुलिस ने अपनी विवेचना में 13 आरोपियों को क्लीन चिट देकर उनके नाम निकाल कर सात लोगों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी, जिन्हें अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनायी जा चुकी है। मामले की पैरोकार प्रबल की बहन प्राची ने विवेचना में निकाले गये 13 लोगों को तलब करने के लिये प्रार्थना-पत्र दिया था, जिसे स्थानीय अदालत ने खारिज कर दिया था। तब इसके विरुद्ध प्राची की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। कल 4 अगस्त को सुनवाई होनी थी, लेकिन लिस्ट में 164 नंबर पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस पर 11 तारीख में सुनवाई हो सकती है।

इसके साथ ही इस मामले में एक बाल अपचारी भी शामिल था, जिसका मामला किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। वहां आज विवेचक रिटायर्ड एसएसआई अब्दुल सलाम की गवाही होनी है।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## दम तोड़ती शिक्षा व्यवस्था

दुनिया के ताकतवर व समृद्ध देशों की सफलता का एक बड़ा कारण विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा ही है। अमेरिका, चीन, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जमर्नी, दक्षिण कोरिया, ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों की आर्थिक प्रगति को उनकी विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा से जोड़ कर ही समझा जा सकता है। लेकिन अपने यहां अनुसंधान की स्थिति, गुणवत्ता और अंतराष्ट्रीयकरण के पैमाने पर आईआईटी भी कमतर ही साबित हुए हैं। भारत ने रूस, ब्राजील, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिल कर ब्रिक्स के जरिये दुनिया के आर्थिक मंच पर बेशक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है मगर तकनीक और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ब्रिक्स के बाकी देशों के आगे हम कहीं नहीं ठहरते। उच्च शिक्षा ही क्या, स्कूली शिक्षा के मामले में भी हमारी स्थिति बेहद खराब है। इसी वजह से पीसा (प्रोग्राम फर इंटरनेशनल स्टूडेंट एसेसमेंट) की रैंकिंग में हमें जगह नहीं मिल पाती है। पीसा ने जहां स्कूली शिक्षा में हमारी दयनीय हालत उजागर की है, वहीं टाइम्स और क्यूएस रैंकिंग ने यह सोचने पर मजबूर किया कि हमारे आईआईटी इनोवेशन क्यों नहीं कर पा रहे हैं। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय खनिज विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में तक्षशिला व नालंदा विविद्यालय का स्वर्णिम युग याद करते हुए भारतीय तकनीकी संस्थानों को गौरवशाली बनाने का आह्वान किया। उन्होंने भी कहा था कि आज हमारे देश में 16 आईआईटी, 30 एनआईटी, 359 महत्वपूर्ण तकनीकी संस्थानों के अलावा हजारों इंजीनियरिंग संस्थान हैं, लेकिन ग्लोबल स्तर पर टॉप 200 विश्वविद्यालयों में गिने-चुने भारतीय संस्थान ही है। कुछ दशक पहले उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत व पड़ोसी देश चीन की तुलना एक धरातल पर होती थी लेकिन आज चीन उच्च और तकनीकी शिक्षा के मामले में भारत से बहुत आगे है। 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था में आई तेजी के बाद वहां कॉलेज और विश्वविद्यालयों को उभरने और विकसित होने को मौका दिया गया। आज चीन में दो हजार से अधिक विश्वविद्यालय और संस्थान-उच्च शिक्षा, तकनीक, प्रबंधन और चिकित्सा की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए जाने जाते हैं। चीन ने तीन-चार दशकों में अपनी संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था बदल दी है। लेकिन हमारे यहां स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। पता नहीं क्यों हमारे नीति निर्माताओं और सरकार में बैठे लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जिसके दुष्परिणाम साफ नजर आने लगे हैं।

# गांव बदल रहे हैं, लेकिन उनकी आत्मा मर रही है!

जब-जब मैं अपने गांव की पगडंडियों पर लौटता हूं, मन अनायास ही अतीत की ओर चला जाता है। यही वह मिट्टी है जिसने मुझे सत्य बोलना सिखाया, अन्याय का विरोध करना सिखाया और यह विश्वास दिया कि समाज की सबसे बड़ी ताकत उसके संस्कार और उसका सामूहिक चरित्र होते हैं। मेरे गुरुओं, मेरे बुजुर्गों, मेरे विद्यालय और मेरे जनपद ने जो मूल्य मुझे दिए, आज मन करता है कि वही विरासत अगली पीढ़ी को सौंपकर जाऊं।


कभी गांव केवल घरों का समूह नहीं होता था, वह एक जीवंत परिवार था। गांव का कोई ग़रीब भूखा न सोए, कोई बुजुर्ग ठंड से न कांपे, किसी विधवा या असहाय के साथ अन्याय न हो- यह पूरे गांव की जिम्मेदारी मानी जाती थी। यदि कोई व्यक्ति गलत रास्ते पर चलता था तो समाज उसे समझाता भी था और आवश्यकता पड़ने पर उसका सामाजिक विरोध भी करता था। उस समय कानून से पहले समाज का नैतिक बल काम करता था।

आज दृश्य बदलता हुआ दिखाई देता है। सबसे अधिक पीड़ा तब होती है जब अपने ही परिवारों में भूमि विवाद कटु संघर्ष का रूप ले लेते हैं। कई बार आर्थिक, सामाजिक या शैक्षिक रूप से कमजोर व्यक्ति अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दर-दर भटकता दिखाई देता है। न्याय की अपेक्षा लेकर वह समाज के प्रभावशाली लोगों के पास जाता है, लेकिन अनेक अवसरों पर उसे अपेक्षित नैतिक समर्थन नहीं मिल पाता।


इससे भी अधिक चिंता तब होती है जब सत्य सब जानते हैं, फिर भी बहुत कम लोग उसके पक्ष में खड़े होने का साहस दिखाते हैं। कोई चुनावी गणित का हवाला देता है, कोई भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं का, तो कोई यह कहकर मौन धारण कर लेता है कि आजकल कौन सुनता है? प्रश्न यह है कि यदि समाज का सजग वर्ग भी मौन हो जाए तो न्याय की आवाज़ कौन बनेगा?

बरसात का मौसम इस विडंबना को और स्पष्ट कर देता है। अनेक गांवों में तालाब, जो कभी जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण का आधार थे, आज सिकुड़ गए हैं या विभिन्न कारणों से अपने मूल स्वरूप में नहीं रहे। परिणामस्वरूप वर्षा का पानी निकल नहीं पाता, गलियां जलमग्न हो जाती हैं और पानी की निकासी को लेकर विवाद बढ़ने लगते हैं। जहां कभी तालाब गांव की जीवनरेखा थे, वहां आज जलभराव, असुविधा और तनाव दिखाई देता है। यह केवल पर्यावरण का संकट नहीं, बल्कि हमारी सामुदायिक सोच में आई कमी का भी संकेत है।

एक और चिंता लगातार सामने आती है। गांवों



में बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर जितना ध्यान दिया जाना चाहिए, उतना नहीं दिया जा रहा। खेल के मैदान सिमट रहे हैं, पुस्तकालय विरल होते जा रहे हैं और सामूहिक संवाद की परंपरा कमजोर पड़ रही है। युवाओं को रोजगार, कौशल, कृषि नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक नेतृत्व की दिशा देने की आवश्यकता है। यदि यह खाली स्थान सकारात्मक मार्गदर्शन से नहीं भरेगा, तो नशे, हिंसा, सामाजिक वैमनस्य और अवसरवाद जैसी प्रवृत्तियां उसे भरने का प्रयास करेंगी। यही किसी भी समाज के लिए सबसे बड़ी चेतावनी है।



आज आवश्यकता केवल विकास योजनाओं की नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण की है। हमें ऐसे गांव बनाने होंगे जहां तालाब सुरक्षित हों, जल निकासी की वैज्ञानिक व्यवस्था हो, खेत उपजाऊ हों, स्कूल संस्कारों के केन्द्र बनें, खेल मैदान युवाओं को ऊर्जा दें और पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि नैतिक नेतृत्व का प्रतीक बनें।

हमें फिर ऐसे बुजुर्ग चाहिए जिनकी बात समाज सम्मान से सुने, ऐसे शिक्षक चाहिए जो केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि चरित्र भी गढ़ें, और ऐसे युवा चाहिए जो खेत, पर्यावरण, श्रम, सत्य और सेवा को अपने जीवन का सम्मान समझें।

समाज का भविष्य केवल सरकारें तय नहीं करतीं, उसे गांव की चौपाल, परिवार की परवरिश, विद्यालय की शिक्षा और समाज के नैतिक साहस मिलकर गढ़ते हैं।

यदि हमने अपनी अगली पीढ़ी को केवल संपत्ति दी, लेकिन संस्कार नहीं, केवल सुविधाएं दीं, लेकिन जिम्मेदारी नहीं, केवल अधिकार बताए, लेकिन कर्तव्य नहीं सिखाए- तो आने वाली पीढ़ियां हमें समृद्ध नहीं, बल्कि असफल पूर्वजों के रूप में याद करेंगी।

समय अभी भी हमारे हाथ में है। आइए, हम केवल पेड़ ही नहीं लगाएं, बल्कि चरित्र भी उगाएं, केवल सड़कें ही नहीं बनाएं, बल्कि समाज का विश्वास भी पुनः निर्मित करें। क्योंकि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति उसकी भूमि नहीं, बल्कि सत्य, साहस और संवेदना से परिपूर्ण उसके नागरिक होते हैं।

**दिगंबर सिंह**

**आज का विचार**

# प्रेम मांगने से नहीं, देने से जीवन स्वर्ग बनता है

प्रेम करना और प्रेम पाना, दोनों अलग बातें हैं।

मनुष्य का अधिकांश दुख इस बात से जन्म लेता है कि वह प्रेम चाहता है, जबकि प्रेम का वास्तविक स्वभाव देना है, मांगना नहीं।

बचपन में हम माता-पिता से प्रेम पाते हैं। बड़े होने पर वही अपेक्षा जीवनसाथी, परिवार और समाज से करने लगते हैं। लेकिन जब दो लोग केवल प्रेम पाने की इच्छा रखते हैं, तो दोनों ही भावनात्मक भिखारी बन जाते हैं। परिणामस्वरूप रिश्तों में संघर्ष, शिकायत और निराशा जन्म लेती है।

यदि स्त्री और पुरुष, पति-पत्नी या कोई भी संबंध केवल प्रेम देने का संकल्प कर लें और अपेक्षाओं का बोझ छोड़ दें, तो जीवन वास्तव में स्वर्ग बन सकता है। प्रेम जितना बांटा जाता है, उतना ही बढ़कर लौटता है। यही प्रकृति का अद्भुत नियम है।



आज हर व्यक्ति प्रेम की तलाश में है, लेकिन प्रेम पाने के लिए पहले अपने अहंकार को छोड़ना पड़ता है। जब तक 'मैं' का आग्रह बना रहता है, तब तक सच्चे प्रेम का अनुभव संभव नहीं होता। प्रेम का दुख केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आत्मिक होता है। जो व्यक्ति प्रेम के लिए त्याग, समर्पण और संवेदना की कीमत चुकाने को तैयार होता है, वही प्रेम का वास्तविक आनंद प्राप्त करता है। ऐसे ही लोग अंततः उस दिव्य अनुभूति तक पहुंचते हैं, जहां ईश्वर, सुख, आनंद, शांति और सुकून का वास होता है।

**संदेश : 'प्रेम मांगने से नहीं, बांटने से बढ़ता है। अपेक्षाएं रिश्तों को कमजोर करती हैं, जबकि निस्वार्थ प्रेम जीवन को सुंदर, शांत और आनंदमय बना देता है।'**

**-रामनाथ सिंह**

# मां-बेटे की अर्थी एक साथ उठी

## बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी मां

शेरकोट ( चिंगारी )। मंगलवार की देर रात नगर में हुई एक हृदयविदारक घटना में बेटे की मौत के सदमे में कुछ देर बाद मां ने भी दम तोड़ दिया। अचानक हुई मां बेटे की दुखद मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार कल देर रात नगर के मुहल्ला फतेहनगर निवासी धर्मवीर सिंह के युवा पुत्र विशाल की तबीयत अचानक बिगड़ गई, परिजन उसे अस्पताल तक ले जा भी नही पाए कि इस बीच कुछ देर बाद विशाल ने दम तोड़ दिया। बेटे की अचानक हुई मौत से उसकी मां कविता देवी को गहरा धक्का लगा और वह गहरे सदमे में चली गई।कविता की हालत नाज़ुक होती देख परिजनों द्वारा उसे तत्काल धामपुर के एक अस्पताल ले जाया गया, परंतु वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। धर्मवीर सिंह ने बताया कि अचानक हार्ट अटैक से हुई पुत्र विशाल की मौत का कविता को गहरा आघात पहुंचा और इसी सदमे में कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। कुछ समय के भीतर परिवार में हुई दो मौतों से परिजनों पर शोक का पहाड़ टूट पड़ा। मामले का पता लगते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ लग गई। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों में कोहराम मचा है और मुहल्ले में शोक व्याप्त है। बुधवार को दोनों मां बेटे का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक साथ घर से दो अर्थिया उठने का मंजर देखकर लोगों की आंखें भर आई ।





### 7 अगस्त तक हो सकेंगे आईटीआई के एडमिशन फॉर्म ऑनलाइन

बिजनौर ( चिंगारी )। राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन करने की तिथि विस्तारित कर दी गई है विस्तारित की गई तिथि के अनुसार अब आईटीआई के एडमिशन फॉर्म 7 अगस्त 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे।

### भाजपा नेता ने चंद्रशेखर के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा नेता रितेश सैन ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भदोई जिले का नाम पुन: संत रविदास नगर किए जाने के मुद्दे पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संत रविदास नगर का नाम बदलकर भदोही कर दिया था। अब भाजपा सरकार द्वारा जिले का नाम पुन: संत रविदास नगर किए जाने का निर्णय लिया है, इस निर्णय से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर द्वारा विरोध समझ से परे है। रितेश सैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज व सभी धर्मों का सम्मान करने वाली पार्टी है। उनके अनुसार संत शिरोमणि रविदास करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। उन्होंने समाज को समानता, भाईचारे व मानवता का संदेश दिया। ऐसे महान संत के नाम पर जिले का नाम रखे जाने पर हम सबको गौरवान्वित होना चाहिए इस निर्णय पर आपत्ति जताना उचित नहीं है।




## बारिश ने खोली सीएचसी की पोल

अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )। तेज़ बारिश ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अफ़ज़लगढ़ की व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए। मूसलाधार बरसात के दौरान अस्पताल के कई हिस्सों में पानी भर जाने से इलाज कराने आए मरीजों, उनके तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वार्ड, ओपीडी और दवा वितरण केंद्र तक पानी पहुंच जाने से पूरे दिन अफ़रा-तफ़री का माहौल बना रहा। बारिश का पानी अस्पताल परिसर में जमा होने के साथ-साथ कई कमरों में भी दाखिल हो गया। जलभराव की वजह से मरीजों को एक विभाग से दूसरे विभाग तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। फर्श पर पानी और फिसलन होने से बुजुर्ग मरीजों व महिलाओं को विशेष दिक्कत हुई। कई लोग संभलकर चलते दिखाई दिए ताकि कोई हादसा न हो। हालात बिगड़ते देख अस्पताल के कर्मचारियों ने खुद मोर्चा संभाला। फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा और पवन पवार सहित अन्य कर्मचारियों ने घंटों मेहनत कर बाल्टियों और पाइप की मदद से पानी बाहर निकाला। साथ ही दवाइयों, सरकारी रिकॉर्ड और जरूरी सामान को सुरक्षित जगह पहुंचाया, ताकि किसी तरह का नुकसान न हो।

### मरीजों व तीमारदारों को परेशानी

अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके तीमारदारों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि इलाज के लिए पहले ही लंबा इंतज़ार करना पड़ता है, ऊपर से बारिश के दौरान अस्पताल में पानी भर जाने से परेशानियां कई गुना बढ़ जाती हैं। उनका कहना है कि गंदे पानी के जमा रहने से इंफेक्शन फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### स्वास्थ्य विभाग से लोगों की अपेक्षा

इलाके के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि सीएचसी भवन की छत की मरम्मत, नालियों की नियमित सफाई और बेहतर जल निकासी का इंतज़ाम जल्द कराया जाए, ताकि बरसात के दिनों में मरीजों को ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बिना रुकावट जारी रह सकें।

### बरसात में यही सूरत-ए-हाल होता है

फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में लगभग हर साल ऐसी ही सूरत-ए-हाल बन जाती है। उनका कहना था कि छत से पानी टपकने और जल निकासी की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने की वजह से दवाइयों और जरूरी दस्तावेज़ों के खराब होने का अंदेशा बना रहता है।

## श्रीमद भागवत ज्ञान महोत्सव के पहले दिन राधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा



धामपुर (चिंगारी)। मोहल्ला गुजरातियान के श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रारंभ हुए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संस्थापक डॉ. आदित्य अग्रवाल, समाजसेवी नितिन सैनी सर्राफ, विश्व हिंदू परिषद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी, श्री राधा कृष्ण मंदिर चैरिटेबल समिति पंजीकृत के महामंत्री अनिल कुमार शर्मा इंजीनियर, साहित्यकार डॉ. अनिल शर्मा अनिल, विजय प्रकाश वर्मा, विनीत कौशिक, स्वामी सोम गिरी जी महाराज, विवेक शर्मा बिट्टू, महामंत्री विवेक शर्मा मोनू तथा कोषाध्यक्ष विनीत वर्मा राहुल त्यागी समाजसेवी गणेश मराठा तथा अवनीश रस्तोगी आदि ने सामूहिक पूजन में भाग लेकर तथा नारियल भंजन करके किया।

कलश यात्रा में शामिल महिलाओं का नेतृत्व प्राची सैनी, रोशनी सैनी, और राधिका सैनी आदि ने तथा पुरुषों का नेतृत्व शिवा जोशी कर रहे थे। इसके अतिरिक्त कलश यात्रा में श्री हरि नारायण चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित परितोष शास्त्री महाराज फूलों से सुसज्जित वाहन में अपने आराध्य देव लड्डू गोपाल को लिये हुए थे। निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद कलश यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर पर ही पहुंच कर संपन्न हुई।

## खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे मजदूर की करंट से मौत



अल्हैपुर-धामपुर (चिंगारी)। धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर बनवारी में एक मजदूर की खेत में कीटनाशक दवाई छिड़कते समय बिजली के तार से स्प्रे मशीन टच हो जाने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक नसीरपुर बनवारी निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र विक्रम सिंह आज दोपहर करीब 12 बजे एक किसान के खेत में स्प्रे मशीन लेकर दवाई छिड़क रहा था। जैसे ही स्प्रे मशीन को उसने ऊपर उठाया, तभी बिजली के लाइन के तार नीचे होने के कारण मशीन से टच हो गए। और करंट की चपेट में आकर सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से मजदूर के परिवार में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस या कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सुनील अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गया है।

## सात बार सामूहिक रूप से किया हनुमान चालीसा का पाठ



धामपुर (चिंगारी)। नगीना रोड स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के सामने वाली गली में डीबी सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामने ग्रुप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में डीबी सिंह, गीता देवी, धनेंद्र सिंह, पवन कुमारी, चितेंद्र सिंह, स्नेहा कुमारी, चिया सिंह, सुबोध कुमारी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तौगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, टीकाराम जैन, विजयपाल सिंह, संदीप भारद्वाज आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

## बिजनौर की अक्षी लाम्बा ने बढ़ाया जिले का मान



बिजनौर (चिंगारी)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 24वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को बरेली मे गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। खराब मौसम के कारण उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल बरेली नहीं पहुंच सकीं, लेकिन उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग देश के विकास में करने का आह्वान किया। इसके बाद कुलपति प्रो. के.पी. सिंह, मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार और सांसद छत्रपाल गंगवार ने संयुक्त रूप से मेधावियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए। 82 गोल्ड मेडल में बिजनौर जिले के गांव बिसाठ निवासी अक्षी लाम्बा पुत्री अतुल कुमार एमएससी फिजिक्स वर्धमान कॉलेज बिजनौर का भी नाम रहा। अक्षी लाम्बा ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में रिक्शा चालक को आजीवन कारावास की सज़ा

बिजनौर (चिंगारी)। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले एक रिक्शा चालक को आजीवन कारावास और 55 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है, जबकि पीड़िता को डेढ़ लाख रुपए दिलाये जाने के आदेश दिए हैं।

विशेष लोक अभियोजक भालेद्र सिंह राठौर के अनुसार मंडावली में एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री 28 मई 2025 को ग्राम भागूवाला से नजीबाबाद कोचिंग के लिए जा रही थी। ई रिक्शा चालक मंडावली थाने के ग्राम विजयनगर निवासी अरुण कुमार पुत्र संजीव कुमार ग्राम जटपुरा के पास बैटरी खत्म होने का बहाना बनाकर रिक्शा को बाग में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता को रोता बिलखता छोड़ कर वहां से भाग गया।

इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का अपराध सिद्ध होने पर अरुण कुमार को पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड तथा तथा धारा 115(2) के तहत एक वर्ष कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। पीड़िता को डेढ़ लाख रुपए प्रतिकर के रूप में दिलाए जाने के आदेश दिए हैं। मामले में ऑप्रिशन कन्विक्शन के तहत अभियोजन पक्ष और पुलिस ने प्रभावी पैरवी की।

## पृथ्वीराज कॉलेज में 'नशामुक्त युवा' अभियान का आयोजन




### विद्यार्थियों ने 'नशा मुक्त' भारत निर्माण की शपथ ली

धामपुर (चिंगारी)। प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी आह्वान के अंतर्गत पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज, धामपुर में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के स्वयंसेवकों सहित कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली तथा नशे को नहीं, जिंदगी को हां जैसे नारे के से जन-जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के सचिव सतीश राणा कोषाध्यक्ष प्रेम चौहान, प्राचार्य देवेश कुमार, आचार्य डॉ. आर.पी. सिंह, आचार्य अनुज अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। महाविद्यालय के डॉ. टी.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, उच्च नैतिक मूल्य तथा सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन अनुज अग्रवाल व सूर्य प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. वंदना राघव, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. संगीता, गोविंद कुमार, अमित कुमार, विमल कुमार, सुनील कुमार, आशीष कुमार, सतीश कुमार, पंकज कुमार, श्रीमती शालिनी, कु. साफिया आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# राकेश हत्याकाण्ड में 8 दोषियों को उम्रकैद

## 10 लाख 80 हज़ार का जुर्माना भी हुआ

बिजनौर/स्योहारा ( चिंगारी )। वर्ष 2018 में गवाही देने की रंजिश को लेकर बहुचर्चित राकेश हत्याकाण्ड में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तथा विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट लोकेश नागर ने आठ अभियुक्तों रोबिन, पीयूष, प्रदीप कुमार, चंद्रवीर उर्फ बिट्टू, अक्षय, सोनू, शुभम और जयवीर सिंह को आजीवन कारावास और 10.80 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि में से नौ लाख रुपये मृतक की पत्नी को दिलाए जाने के भी आदेश दिए गये हैं। इस मामले में गुड्डी उर्फ सुदेशना, राजपाल उर्फ इच्छाराम और मोनिका को साक्ष्य के अभाव में पहले ही बरी कर दिया गया था।





मृतक राकेश का फाइल फोटो।



मृतक राकेश की पत्नी मंतोष देवी

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान और पीड़िता के अधिवक्ता राधेश्याम चिकारा के अनुसार इस मामले में सुनवाई के दौरान रोहित की मृत्यु हो गई थी, जबकि अभियुक्त आदित्य पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था जिसे पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। उक्त दोनों के अनुसार मंतोष देवी पत्नी राकेश कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 27 सितंबर 2018 को करीब शाम साढ़े सात बजे वह अपने पति राकेश कुमार के साथ बाइक से बुढ़नपुर बाजार से अपने गांव राणा नगंला की ओर जा रही थी। रास्ते में गांव बेरखेड़ा के पास उसकी के गांव के ही रॉबिन, राहुल, जयवीर, शुभम ने तीन-चार अन्य व्यक्तियों के साथ उन्हें रोक लिया। मंतोष के पति राकेश कुमार ने किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए वहां से भाग निकलने का प्रयास किया, लेकिन तभी इन लोगों ने तमंचे से फायर कर राकेश कुमार की मौके पर हत्या कर दी। मंतोष देवी चिल्लाई तो उस पर भी जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गई। आसपास के लोगों को आता देख अभियुक्त यह कहते हुए फरार हो गए थे कि अगर आदित्य, रोहित, राहुल, विशाल आदि के खिलाफ गवाही देने का प्रयास किया तो ऐसा ही अंजाम होगा। उक्त घटना से 11 माह पूर्व भी आरोप लगा था कि आदित्य, रोहित, राहुल और विशाल ने मंतोष देवी के देवर मुकेश की हत्या कर दी थी। आरोप था कि जब भी वह उक्त मुकदमे में गवाही देने के लिए जाते थे तो अभियुक्त उन्हें धमकी देते थे कि पैरवी बंद कर दो वरना जान से मार देंगे। इस मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने रॉबिन, राहुल, पियूष, प्रदीप, सोनू, अक्षय, बिट्टू उर्फ चंद्रवीर, मोनिका, आदित्य, राजपाल उर्फ इच्छाराम, गुड्डी, जयवीर और शुभम के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के दौरान गवाह मंतोष देवी, सुनीता, राजकुमार, विनोद शर्मा, प्रभाकर कुमार, सुनील कुमार, डॉक्टर संदीप कुमार, निरीक्षक अरिहंत कुमार, निरीक्षक उदय प्रताप, उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, उपनिरीक्षक राजेंद्र शर्मा, उप निरीक्षक योगेश कुमार, निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार मिश्रा के बयान कोर्ट में दर्ज कराए गए। इस मामले में सुनवाई के दौरान राहुल की मृत्यु हो गई थी, जबकि आदित्य पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।

इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश नागर ने रॉबिन, पीयूष, प्रदीप कुमार, चंद्रवीर उर्फ बिट्टू, अक्षय सोनू, शुभम और जयवीर को राकेश कुमार की हत्या में दोषी पाकर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास तथा पचास पचास हजार रुपए अर्थदंड, धारा 307 के तहत दस-दस वर्ष कठोर कारावास तथा पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड, धारा 147 के तहत दो-दो वर्ष कठोर कारावास, एक-एक हजार रुपए अर्थदंड, धारा 148 के तहत तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास तथा दो-दो हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 506 के तहत पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसके अलावा रॉबिन, प्रदीप और पीयूष को धारा 25 के तहत पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड, चंद्रवीर उर्फ बिट्टू को दो वर्ष पहले कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि में से नौ लाख रुपए मृतका की पत्नी मंतोष देवी को दिलाए जाने के भी आदेश दिए हैं।



आदित्य के एनकाउंटर के बाद पुलिस टीम के साथ तत्कालीन एसपी नीरज जादौन ( फाइल फोटो )

### गांव का प्रशासक था बिट्टू

आदित्य राणा का बड़ा भाई चंदवीर उर्फ बिट्टू गांव का प्रधान भी था। वर्तमान में बिट्टू गांव राना नंगला का प्रशासक बना हुआ था। अदालत ने दोषी मानते हुए बिट्टू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जिसके चलते अब गांव के प्रशासक पद से बिट्टू को हटाया जा सकता है। जब इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी धामपुर से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि ये तो जिलाधिकारी ही इस सम्बंध में कार्यवाही करेंगी। जिलाधिकारी से सम्पर्क नहीं हो पाया।

### पिता को इंसाफ मिला

मृतक राकेश सिंह के पुत्र सुमित्र का कहना है कि वह अदालत के फैसले से खुश है और पिता को इंसाफ मिला है। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक नीरज सिंह जादौन द्वारा फरार आदित्य का एनकाउंटर किया गया था जिसके बाद हमें इंसाफ मिला है।

### शादी के चार महीने बाद ही मिला आजीवन कारावास

गांव रानानंगला निवासी शुभम पुत्र जयवीर भी राकेश सिंह हत्याकांड का आरोपी था। चार माह पूर्व ही 8 मार्च 2026 को शुभम की शादी गांव सराय, पोस्ट मुस्तफाबाद, जिला बिजनौर में हुई थी। शादी के चार माह बाद ही शुभम को आजीवन कारावास की सजा मिली है।



गांव राना नंगला में सुनसान पड़ीं सड़कें

### गांव में पसरा रहा दिनभर सन्नाटा, सड़कें सुनसान

**स्योहारा।** मंगलवार दोपहर राकेश हत्याकांड का फैसला बिजनौर की अदालत में हुआ, लेकिन गांव राना नंगला का माहौल भी तनाव में रहा। सुबह से ही गांव निवासी पीड़ित पक्ष मृतक राकेश के घर पर ताला लटका था और शाम तक घर बंद ही रहा। ऐसे ही मामले में दोषी करार दिए गए गांव के ही बदमाश रहे आदित्य के परिवार के ही जयवीर और उसके बेटे शुभम का घर भी बंद रहा। दूसरी गली में मौजूद आदित्य राणा के पिता राजपाल सिंह का घर भी बंद था। हालांकि इस घर के दरवाजे पर आदित्य की पत्नी का नाम व पति का नाम लिखा हुआ है। इसके अलावा आदित्य का भाई चंद्रवीर उर्फ बिट्टू का घर भी बंद रहा।

### सीआरपीएफ छोड़ कुख्यात बना था आदित्य

स्योहारा। गांव राना नंगला के आदित्य का नाम पहली बार 2013 में आया। गांव कासमाबाद के धर्मवीर की हत्या में उसका नाम आया था। उसका CRPF में चयन हो गया था, लेकिन हत्या में नाम आने के कारण वह ट्रेनिंग पर नहीं जा पाया,जिसके बाद से आदित्य ने अपराध की दुनिया में अपना मुकाम हासिल किया था ।

### दो बार पुलिस कस्टडी से भागा था आदित्य

स्योहारा। आदित्य पर 43 मुकदमे दर्ज हुए। इसमें 6 हत्या और 13 लूट के मुकदमे शामिल हैं। आदित्य राणा 2 बार साल 2017 और साल 2022 में पेशी के दौरान पुलिस कस्टडी से भागा था। उसके गिरोह के 48 सदस्य चिह्नित किए गए थे। आदित्य राणा थाना स्योहारा पर हिस्ट्रीशीटर था। उसकी हिस्ट्रीशीट का नंबर 41 ए था।

### आदित्य राणा से मुठभेड़ में शामिल पांच पुलिसकर्मियों को मिला था राष्ट्रपति पुरस्कार

स्योहारा। 2.5 लाख का ईनामी कुख्यात आदित्य राणा से मुठभेड़ करने वाली पुलिस टीम के पांच सदस्यों को राष्ट्रपति की ओर से गैलेंट्री पदक प्रदान किया गया था, जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी राजीव चौधरी, तत्कालीन स्वाट, सर्विलांस प्रभारी जयवीर सिंह, मुख्य आरक्षी अरुण कुमार, रईस अहमद और अजय कुमार शामिल थे ।

# पुलिस अधीक्षक ने लिया कांवड़तियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



कांवड मार्ग का निरीक्षण करते एसपी।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। पूरे जनपद में कांवड़ यात्रा को लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा हर गतिविधियों नजर रखी जा रही है। कल रात एसपी अभिषेक झा ने मंडावली क्षेत्र के उत्तराखंड यूपी बॉर्डर पर पहुंचकर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भागूवाला से मोटा महादेव मंदिर सहित जनपद के कई स्थानों पर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए पुलिस की सतर्कता को चेक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, सीओ धामपुर डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ भाजपा नेत्री ने किया बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री लीना सिंघल ने जेबीएस बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। अकादमी के कोच राजन शर्मा के नेतृत्व में टूर्नामेंट हुआ। जिसमें खिलाड़ी आदित्य शर्मा, सिद्धार्थ, ध्रुव, देवांश राजपूत, आयुषी, आरोही, वंशिका द्वारा टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। टूर्नामेंट में नजीबाबाद, काशीपुर, अमरोहा, बिजनौर, चांदपुर, धामपुर, कोटद्वार, नगीना के बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने अपना दम खम दिखाया। सभी खिलाड़ियों को लीना सिंघल व कोच राजन शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डी फार्मा प्रथम वर्ष में मिताली, अरीबा व विशाल ने स्थान पाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया कॉलेज फार्मेसी के डीफार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में मिताली ने 72.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अरीबा अफजल ने 72.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा विशाल सिंह ने 71.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित अध्ययन एवं अनुशासित दिनचर्या को दिया। संस्थान के शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की नियमित कक्षाओं में उपस्थिति, निरंतर अध्ययन एवं कठिन परिश्रम ही उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष निधि राजपूत ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अर्जित ज्ञान का व्यावहारिक जीवन में उपयोग करते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य डॉ. शिवानी चौहान सहित संस्थान के शिक्षकगण ब्रजरानी, अमित कुमार एवं हर्ष चौहान ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दीं। डॉ. शिवानी चैहान ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे इसी प्रकार मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहें तथा अपने संस्थान, विभाग एवं परिवार का नाम रोशन करें।

# गजरौला पाईमार मंडल में माटी कलश यात्रा का भव्य स्वागत



कलश यात्रा में शामिल भाजपा नेत्री लीना सिंघल।

नजीबाबाद (चिंगारी)। संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली से प्रारंभ हुई माटी कलश यात्रा के गजरौला पाईमार मंडल पहुंचने पर श्रद्धालुओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने माटी कलश का वंदन एवं पूजन कर सामाजिक समरसता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बलराज त्यागी, रितेश सैन, वरुण आत्रेय, पिंकुर रघुवंशी, राजकुमार प्रजापति, लीना सिंघल, जितेंद्र राजपूत एवं शिवम चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संत शिरोमणि रविदास मंदिर कमेटी धनौरा के अध्यक्ष रणजीत सिंह, जगदीश सिंह, टीटू, बिल्लू सिंह, शेखर ने काफी संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर माटी कलश का श्रद्धापूर्वक वंदन करते हुए संत रविदास महाराज के बताएं मार्ग पर चलने व समाज में आपसी भाईचारा, समानता एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# मंडावली के खिलाड़ियों ने लखनऊ में कई पदक जीते



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ताईक्वांडो मार्शल आर्ट एकेडमी मंडावली के बच्चों ने लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में कई पदक जीते। कोच ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में मंडावली के मोहम्मद फरहान ने गोल्ड मेडल व मोहम्मद अरहान, मोहम्मद फैज, देवराज ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। मंडावली में आयोजित सम्मान समारोह में मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नौशाद अहमद, सुनील कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मंझाड़ी में देखा गया गुलदार, ग्रामीणों में डर बरकरार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव मंझाड़ी में लगातार दो दिन से गुलदार देखा जा रहा है। दो दिन पूर्व गुलदार ने एक कुत्ते को अपना निवाला बना लिया था। वहीं कल सुबह किसान के खेत पर जाते समय गुलदार जंगल में बैठा दिखाई दिया, जिससे ग्रामीणों में गुलदार का भय बना हुआ है। वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जंगल में गुलदार को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया। कांवड़ यात्रा को लेकर वन विभाग भी पेट्रोलिंग कर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हुए है। वन विभाग के दरोगा परशुराम ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि वह अपने खेतों में अकेले ना जाएं, झुंड बनाकर जाएं, सावधानी रखे। अगर गुलदार दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग की सूचना दे।


## Information

That my daughter's ALEENA ANSARI

That my Daughter's Father's Name is LAIQ AHMED ANSARI in your record of School by mistake

That the correct name of my Daughter's Father's name LAIQ AHMAD, So please the correct name of my Daughter's Father's name LAIQ AHMAD in your School record.

LAIQ AHMAD S/O SHAFIQ AHMAD R/O MOHALLA RAMPURA NAJIBABAD, TEHSIL AND POST OFFICE NAJIBABAD, DISTRTICT BIJNOR (U.P.)


# पूर्व सैनिकों ने बनाया संगठन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद तहसील परिसर में देश पर मर मिटने वाले सैनिकों व पूर्व सैनिकों के बलिदान व शौर्य के बारे में छोटे बच्चों से लेकर युवा, व्यस्क, वृद्धों ने गर्व जताया। सामाजिक कार्यो में भी पूर्व सैनिक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज तहसील नजीबाबाद प्रांगण में तहसील क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों ने शपथ ग्रहण करके नि:स्वार्थ पूर्व सैनिकों व देशवासियों के लिए सामाजिक कार्य करने व एकजुट होकर मानव एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व सैनिक विजय सिंह तहसील अध्यक्ष, हुकम सिंह संरक्षक, रूपेंद्र कुमार तोमर उपाध्यक्ष, सुशील कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष, डालचंद पाल संगठन मंत्री, बंटी कुमार राठी मीडिया कर्मी, बलदेव सिंह, तरुण कुमार, राजीव राठी, नीरज कुमार, विवेक कुमार, विजय सिंह, जोगिंदर सिंह आदि सैनिक मौजूद रहे।

# पीडिता ने राज्य महिला आयोग से लगाई रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम दिनौड़ा निवासी रूबीना पुत्री नसीम अहमद ने राज्य महिल आयोग लखनऊ को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी शादी सन 2012 में मतलूब पुत्र हसीनुद्दीन निवासी ग्राम हरियावाला थाना कोतवाली देहात के साथ हुई थी। मतलूब ने अपनी पसंद से शादी की थी, जो अहमदाबाद (गुजरात) में सैलून की दुकान चलाता है। महिला ने भी ब्यूटी पार्लर का काम सीख लिया वह अपना काम करने लगी। जिससे उसके जेठ व जेठानी उससे रंजिश रखने लगे, उसके पति को उसके खिलाफ भड़काने लगे। जिनके कहने में आकर उसके पति ने साथ 22 मार्च 2026 को बुरी तरह मारपीट की। जिसके बाद वह जान बचाकर अपने दोनों बच्चों को लेकर ग्राम दिनौड़ा थाना नांगल आ गई। पीड़ित महिला ने बाद में ग्राम अलीपुरा नजीबाबाद में कमरा किराए पर ले लिया। 17 जून 2026 को पीड़िता के पति ने उससे अलग रहने का लिखित समझौता कर लिया इससे पूर्व वह उसे तीन तलाक दे चुका था। अब पीड़िता का पति जबरन उसे अपने साथ रखना चाहता है। जिसके लिए पीड़िता तैयार नहीं है। पीड़ित महिला ने राज्य महिला आयोग से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए थाना नजीबाबाद में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# समस्याएं होंगी दूर, निखरेगा नूरपुर का 'नूर'

## जलभराव की समस्या से शीघ्र मिलेगा छुटकारा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को पालिका चेयरमैन डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर पालिका परिषद कार्यालय में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह ने नगर के विभिन्न वार्डो में कराए जाने वाले विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया कि नगर में पेयजल व्यवस्था के लिए पालिका परिसर में एक पंप का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अन्य के लिए योजना पूर्ण कर ली गई है, जिस पर जल्द ही कार्य शुरू कराया जायेगा।




उन्होंने बताया कि नगर में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत धामपुर मार्ग, बिजनौर मार्ग, बस स्टैंड से चांदपुर मार्ग पर जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए नालों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अन्य कार्य के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है जिसे शासन स्तर से स्वकृति मिल गई है। जल्द ही नगरवासियों को बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी।

सावन माह में नगर से होकर जाने वाले कांवड़ शिव भक्तों के लिए पथ प्रकाश की व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। उन्होंने बताया कि नगर में फतेहाबाद मार्ग, मुरादाबाद मार्ग और स्योहारा मार्ग पर नालों के निर्माण एवं उनके निकासी की व्यवस्था को सुचारू किया जायेगा, साथ ही मोहल्ला गांधीनगर, रविदासनगर, रामनगर, मोहम्मद नगर, हजरतनगर, इस्लामनगर, शहीदनगर में नालों और सीसी रोड के निर्माण कार्यो को जल्द ही शुरू कराया जाएगा। उन्होंने नगर में आएदिन होने वाली जाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए एक प्रस्ताव भी शासन स्तर को भेजा है, जिसे अंतिम रूप मिलना लगभग तय है। चेयरमैन ने बताया कि नगर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के काटने की समस्या और जनसंख्या को देखते हुए बिजनौर की आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले 21 कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी कराई गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र, दीपक शर्मा, हिमांशु शर्मा, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार,मोहम्मद नासिर आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मिले सोनू भाई बाईपास बनाने की मांग उठाई

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** ग्राम कक्कड़पुर उर्फ लकड़ा निवासी भाजपा नेता सोनू सैनी ने लखनऊ पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात की और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने नहटौर मार्ग से ग्राम लकड़ा होते हुए बिजनौर मार्ग को जोड़ने वाले प्रस्तावित बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई।



लखनऊ में हुई मुलाकात के दौरान सोनू सैनी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सैनी तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जसवंत सैनी से क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नहटौर मार्ग से ग्राम लकड़ा होते हुए बिजनौर मार्ग को जोड़ने वाला बाईपास प्रस्तावित है, लेकिन अभी तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सोनू सैनी ने कहा कि बाईपास बनने से नहटौर की ओर से बिजनौर जाने वाले लोगों को कोतवाली देहात कस्बे से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। इससे यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सोनू सैनी के अनुसार, भाजपा नेताओं ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# मां को पालकी में बैठाकर कांवड़ यात्रा करा रहा आधुनिक श्रवण कुमार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** एक बेटा अपनी वृद्ध माँ को 'आधुनिक श्रवण कुमार' बनकर कांवड़ यात्रा करवा रहा है। लोगों में चर्चा है कि जहां आजकल अधिकांश लोग अपने वृद्ध परिजनों को अपने से अलग कर देते हैं। वहीं दूसरी ओर इस युवक के द्वारा अपनी मां को कांवड़ में बैठाकर यात्रा कराना सराहनीय है और युवाओं के लिए अनुकरणीय भी है। हापुड़ क्षेत्र के गांव आलमनगर निवासी सोनू अमित (35 वर्ष) अपनी मां गोमती देवी (103 वर्ष) को कांवड़ में बैठाकर यात्रा कर रहा है। सोनू ने बताया कि उनकी माँ की कांवड़ यात्रा करने की इच्छा पूरी करने के लिए मैंने एक विशेष कांवड़/पालकी तैयार की। अपनी माँ को कांवड़ में एक तरफ बैठाकर तथा दूसरी और गंगाजल भरकर पैदल यात्रा करते हुए अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। जब यह कांवड़ कोतवाली देहात क्षेत्र के मुख्य मार्गों और आसपास के गांवों से गुजरी, तो इस अद्भुत भक्ति और मातृ-सेवा को देखने के लिए भीड़ जुटने लगी। आधुनिक युग के श्रवण कुमार के इस भक्ति और संस्कार से भरे कदम ने न सिर्फ शिवभक्तों का दिल जीता, बल्कि समाज में माता-पिता की सेवा का एक बहुत बड़ा संदेश भी गया।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# डीएम से की शिवरात्रि पर्व तक बेसिक विद्यालयों में अवकाश की मांग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु जनपद के बेसिक विद्यालयों में शिवरात्रि पर्व तक अवकाश घोषित करने की जिलाधिकारी बिजनौर से मांग की है। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी, महामंत्री, ज्योति प्रकाश गहलौत ने कहा कि पवित्र सावन मास में शिवभक्तों की अपार भीड़ को देखते हुए सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन द्वारा रूट डाइवर्ट किया गया है, ऐसे में अधिक भीड़ के कारण बेसिक शिक्षा के विद्यार्थियों की सुरक्षा भी आवश्यक है, विशेषकर हरिद्वार रोड के विद्यालयों के बच्चों के साथ समस्या के चलते उनके अभिभावक भी चिंतित हैं, उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर महाशिवरात्रि पर्व तक बेसिक विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा से महिलाएं गद्गद्

**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 60 वर्ष व उससे अधिक आयु की महिलाओं को रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा करने की घोषणा का महिलाओं ने स्वागत करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।



ग्राम सैंदवार निवासी सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापिका श्रीमती मुन्नी देवी ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ एवम् उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र की महिलाओं के लिए रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा करने की छूट प्रदान करने की घोषणा एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी एक अच्छा कदम है।



सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाली श्रीमती नीरू गुप्ता ने प्रदेश सरकार के 60 वर्ष की महिलाओं को रोडवेज में फ्री यात्रा की छूट देना बहुत ही सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से महिलाएं तीर्थ, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी। इससे वरिष्ठ महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा अकेले और सुरक्षित यात्रा करने में भी मदद मिलेगी।



ग्राम स्याऊ की पूर्व प्रधान श्रीमती आर्य विनोद कुमारी ने प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को महिलाओं के साथ-साथ छात्राओं को भी रोडवेज बस में यात्रा करने के लिए छूट देनी चाहिए ताकि प्रतिदिन पैसे खर्च कर कालेज आने-जाने वाली छात्राओं विशेषकर मध्यम व गरीब छात्राओं की पढ़ाई निरन्तर चलती रहे।



श्रीमती ममता वर्मा ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा सरकार समय-समय पर महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करती है।



श्रीमती पलक अग्रवाल ने सरकार के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि अब गरीब व मध्यम वर्ग की महिलाएं भी धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के साथ-साथ बिना पैसे खर्च किए अपनी रिश्तेदारी में आ-जा सकेंगी।

# घेर से बछड़े को उठा ले गया गुलदार

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** ग्राम गोपीवाला में सोमवार-मंगलवार की रात गांव निवासी शानू के घर के पास बनी पशुशाला से गुलदार गाय के बछड़े को उठा ले गया और जंगल में ले जाकर खा गया। पशु स्वामी ने सवेरे जब पशुशाला में जाकर देखा तो बछड़ा गायब मिला, जिसको आसपास काफी तलाश करने पर गांव के बाहर जंगल में बछड़े के अवशेष मिले, जिसको गुलदार ने अपना निवाला बनाया हुआ था। गुलदार द्वारा बछड़े को निवाला बनाए जाने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की तत्काल सूचना वन विभाग को दी गई। जिसके बाद वन विभाग की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करते हुए जल्द ही गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया। वन विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को दिए गए आश्वासन के बाद व ग्राम प्रधान मोहम्मद जाहिद व पूर्व प्रधान टिंकू सिंह के द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद ग्रामीण वन विभाग के आश्वासन पर सहमत हुए।



गांव में मौजूद वन विभाग की टीम

# दान पर अपना अधिकार न जमायें, जैन मुनि बोले

**नहटौर ( चिंगारी )।** चातुर्मास प्रवास कर रहे निर्ग्रंथ मुनि श्री विव्रत सागर जी महाराज ने कहा कि दान का अर्थ समझें, अधिकार न जमाएं। यदि आपने या आपके पूर्वजों ने मंदिर के निर्माण में दान दिया है, तो वह दान समाज को समर्पित हो चुका है। मंदिर या वेदिका पर यह कहना कि 'यह मेरी वेदिका है' या 'इस पर मेरा ही अधिकार है', संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है।

श्री दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित चातुर्मास प्रवचन कार्यक्रम में जैन मुनि श्री ने दोटूक शब्दों में कहा कि आज दर्शन की विधियां प्रदर्शन में बदल गई हैं। भक्त मंदिर आते तो हैं, लेकिन दुकान या मेट्रो की जल्दी में प्रभु के दर्शन भी ठीक से नहीं कर पाते। उन्होंने समझाया कि दर्शन का वास्तविक अर्थ 'सम्यक दर्शन' की प्राप्ति है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि एक ही स्थान या एक ही वेदिका पर स्थायी होकर न बैठें, बल्कि पूरे मंदिर को अपना मानकर निर्लिप्त भाव से पूजन करें। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कपिल चौधरी ने अपने खर्च से सड़क की मरम्मत कराई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए पांडव नगर पुलिस चौकी के सामने तिराहे पर बाढ़ के पानी की धार से टूटी लगभग 20 फीट लम्बी सड़क को अपने खर्च से सही कराने के लिए मौके पर कार्य शुरू कराया।

खादर क्षेत्र में आई बाढ़ के पानी की धार से पांडव नगर पुलिस चौकी के चांदपुर दत्तियाना व हस्तिनापुर को जाने वाले तिराहे की सड़क लगभग 20 फीट टूट गई थी, जिससे वाहनों का आवागमन लगभग पूरी तरह से बंद हो गया था, जिसके कारण उधर से गुजरने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी मंगलवार को मौके पर पहुंचे तथा टूटी सड़क को अपने खर्च से सही कराये जाने के लिए कार्य शुरू कराया। टूटी सड़क को सही कराये जाने के लिए कार्य शुरू हो जाने से पिछले कई दिनों से परेशानी उठा रहे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है तथा इसके लिए कपिल चौधरी का आभार जताया है। कपिल चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके परिवार के समान है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी जिम्मेदारी है।



# जेनेसिस विद्यालय के छात्र ने पास की आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की परीक्षा

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** जेनेसिस विद्यालय के मेधावी छात्र निर्भय कुमार ने आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ (एआईएल) की प्रवेश परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल करते हुए ऑल इंडिया 74वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस बड़ी कामयाबी से विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। छात्र की इस उपलब्धि को शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम कामयाबी माना जा रहा है।



सूरजनगर निवासी निर्भय कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार ने प्रवेश परीक्षा में 122 अंक हासिल कर देशभर में 74वीं रैंक प्राप्त की। यह कामयाबी उनकी लगातार मेहनत, लगन, अनुशासन और बेहतर तैयारी का नतीजा है। निर्भय की इस सफलता से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिलेगी।

विद्यालय के चेयरमैन सोहन सिंह सहोता और प्रबंधक सनप्रीत सहोता ने निर्भय कुमार को मुबारकबाद देते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों को बेहतर शिक्षा और सही मार्गदर्शन देने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि जब कोई छात्र राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह की कामयाबी हासिल करता है तो यह पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए फख्र की बात होती है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने बताया कि निर्भय कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे छात्र की नियमित पढ़ाई, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग रहा है।

# ब्रीडर सीड उत्पादन हेतु चयनित कृषकों के प्लॉटों का वैज्ञानिक दल का भ्रमण



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गन्ना विकास परिषद/चीनी मिल बिलाई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काजीपुरा, बधवा, बिलाई एवं फड़ियापुर में ब्रीडर सीड उत्पादन हेतु चयनित कृषकों के गन्ना प्लॉटों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। गन्ना शोध केंद्र, मुजफ्फरनगर के निदेशक डॉ.जे.पी.सिंह एवं डॉ.के.पी.सिंह, वैज्ञानिक अधिकारी (ब्रीडर) एवं नोडल अधिकारी, बीज पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा चयनित कृषकों से संवाद कर ब्रीडर सीड उत्पादन हेतु उनकी सहमति एवं सहभागिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के लिए आवश्यक वैज्ञानिक मानकों एवं सावधानियों के संबंध में कृषकों को जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान बिलाई मिल के यूनिट हेड भूपेन्द्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बिलाई अमित कुमार पांडे, चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) सुभाष तोमर, मिल के प्रबंधक गन्ना विकास नरेश कुमार, ए.जी.एम. कपिल कुमार एवं क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# 10 अगस्त तक समाधान करो वरना, भाकियू देगी अनिश्चितकालीन धरना

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पर दो दिवसीय धरना समाप्त कर अधिशासी अभियंता (विद्युत) को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बिजली भार बढ़ाने, अघोषित कटौती और स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए 10 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी।

शादीपुर बिजलीघर पर आयोजित धरने को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष विनीत मौर्य ने कहा कि शादीपुर और पीली चौकी विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े उपभोक्ताओं के घरेलू एवं अन्य विद्युत कनेक्शनों का स्वीकृत भार बिना भौतिक सत्यापन और मौका मुआयना किए कार्यालय में बैठकर ही दोगुना कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने बिजली कटौती पर आपत्ति जताते हुए नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की। साथ ही प्रदेश सरकार की रोक के बावजूद स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग किसी भी उपभोक्ता का भार बढ़ाने से पहले मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करे। चेतावनी दी कि यदि 10 अगस्त तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो विद्युत भार बढ़ाए जाने और बिजली कटौती के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। मौके पर पहुंचे एसडीओ विद्युत किरतपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान बृजेश कुमार काकरान, धर्मवीर सिंह, बेगराज, चमन, हेमराज, रवि, बिजेंद्र सिंह, विपिन कुमार मौर्य, विकास कुमार, दिनेश कुमार आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देते हुए भाकियू पदाधिकारी।

# अक़ीदत और एहतराम के साथ किया मजलिस-ए-अजा का आयोजन

## कर्बला की क़ुर्बानियों को याद किया, मातमी जुलूस निकाला

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शहीद-ए-कर्बला, फ़रज़ंद-ए-रसूल और नवासा-ए-रसूल हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) के चेहल्लुम के मौक़े पर गोवाली सादात में अकीदत व एहतराम के साथ मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन किया गया। मजलिस में बड़ी संख्या में मोमिनीन और अज़ादारों ने शिरकत कर शोहदा- कर्बला की अज़ीम क़ुर्बानियों को याद किया और उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया। मजलिस में जनाब नईम हैदर एडवोकेट ने पुरसोज़ अंदाज़ में मरसिया-ख्वानी की। इसके बाद मौलाना असद रज़ा और मौलाना नईम ने मजलिस को खिताब फ़रमाया। अपने खिताब में उलमा-ए-किराम ने वाक़िया-ए-कर्बला, हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) के मक़सद-ए-क़याम और शोहदाए कर्बला की अज़ीम क़ुर्बानियों पर रोशनी डाली तथा पैग़ाम-ए-कर्बला को अपनी जिंदगी में अपनाने की ताकीद की। मजलिस के बाद अंजुमन-ए-अब्बासिया, गोवाली सादात की जानिब से बड़े इमामबाड़े से ताज़िए का पुरअदब जुलूस बरामद हुआ। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होता हुआ इमामबाड़ा शब्बीर पहुंचा। इसके बाद जुलूस इमामबाड़ा बाबुल हवाइज से होता हुआ कर्बला इब्राहीम शहीद की जानिब रवाना हुआ।



जुलूस के दौरान नौहा-ख़्वानी के फ़रायज़ जनाब सफ़दर अब्बास ज़ैदी एडवोकेट, जनाब हैदर अब्बास एडवोकेट, आरिफ़ हसन, जनाब इंतज़ार मेहदी एडवोकेट, समर मेहदी, शारिब ज़ैदी और हुसैन अली ने अंजाम दिए। नौहों की पुरसोज़ सदाओं से माहौल ग़मगीन हो गया और अज़ादारों ने इमाम हुसैन (अ.स.) तथा शोहदाए कर्बला की याद में अकीदत के साथ अज़ादारी पेश की।

जुलूस में हिंदुस्तान के मशहूर ख़तीब अल्लामा हैदर मेहदी ज़ैदी समेत बड़ी संख्या में मोमिनीन ने शिरकत की। इस मौक़े पर मास्टर फ़रहत अब्बास, अब्बास मेहदी, फैज़ी ज़ैदी एडवोकेट, ख़िलत मेहदी, इमरोज़ ज़ैदी, प्रिंस ज़ैदी, रिज़वान हैदर ज़ैदी, बज़्मी ज़ैदी, मंज़र ज़ैदी, फ़ाज़िल ज़ैदी, नज़र अब्बास, इरशाद ज़ैदी, मौलाना शहाब क़ासिम, निसार मेहदी ज़ैदी, आतिर ज़ैदी, फ़ैसल ज़ैदी, ख़ुर्रम ज़ैदी, तौक़ीर ज़ैदी और चांद ज़ैदी समेत अन्य मोमिनीन और अज़ादार अकीदत व एहतराम के साथ जुलूस में शामिल रहे।

तमाम अज़ादारों ने पूरे अदब और एहतराम के साथ जुलूस में शिरकत की और शोहदा- कर्बला की याद को ताज़ा किया। जुलूस अपने तयशुदा वक्त पर कर्बला इब्राहीम शहीद पहुंचा, जहां अज़ादारों ने इमाम हुसैन (अ.स.) और शोहदा- कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस के समापन के बाद मुल्क-ए-हिंदुस्तान की सलामती, अमन, तरक्क़ी और ख़ुशहाली के लिए ख़ुसूसी दुआ की गई। साथ ही मुल्क में अमन-ओ-अमान, आपसी भाईचारे और तरक़्क़ी के लिए भी दुआ की गई। इस मौक़े पर कर्बला के उस अज़ीम पैग़ाम को याद किया गया कि हक़, इंसाफ़, सब्र और सच्चाई की राह पर डटे रहना ही पैग़ाम-ए-हुसैन (अ.स.) है।

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# जनपद में धूमधाम से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

## तिरंगा रैली व प्रदर्शनी होंगे आकर्षण का केंद्र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाने के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की रूपरेखा तय की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष हर घर तिरंगा पोर्टल लॉन्च किया गया है। अभियान के तहत तिरंगा रैली, तिरंगा कंसर्ट और तिरंगा प्रदर्शनी जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराने और उतारने के निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत का गायन भी अनिवार्य रूप से कराने को कहा। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी मनाया जाएगा।



मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं जनपद में राष्ट्रीय ध्वज तैयार कर रही हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों को ध्वज वितरण का लक्ष्य भी आवंटित किया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को सरकारी भवनों पर सुबह ध्वजारोहण किया जाएगा तथा शाम को नियमानुसार ध्वज उतारा जाएगा। वहीं 9 से 17 अगस्त तक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, निजी कंपनियों और घरों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सेल्फी विद तिरंगा पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिस पर 9 अगस्त से आमजन राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी सेल्फी अपलोड कर सकेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग दंपत्तियों को विवाह पर मिलेगा 35 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन पुरस्कार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पात्र दिव्यांग दंपत्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने जनपद के पात्र लाभार्थियों से समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की। सीडीओ ने बताया कि योजना के तहत यदि दंपत्ति में केवल युवक दिव्यांग है तो 15 हजार रुपये, केवल युवती दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपये तथा युवक एवं युवती दोनों दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल, 2025 से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान विवाह करने वाले पात्र दिव्यांग दंपत्ति विभागीय पोर्टल https://divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक अभिलेखों सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, बिजनौर में जमा कराना अनिवार्य होगा। रणविजय सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए वर का बिजनौर जनपद का निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के साथ दंपत्ति का संयुक्त पासपोर्ट आकार का फोटो, विवाह प्रमाण-पत्र, तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र (दम्पत्ति आयकरदाता न हो), दोनों का मूल निवास प्रमाण-पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यूडीआईडी कार्ड), राष्ट्रीयकृत बैंक या डाकघर में संचालित संयुक्त बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड तथा आयु प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विवाह के समय वर की आयु 21 से 45 वर्ष तथा वधू की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सीडीओ ने पात्र दिव्यांग दंपत्तियों से निर्धारित समय के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की।

# युवती को ले जाने के आरोप में पिता-पुत्र के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। महिला का आरोप है कि गत एक अगस्त को वह घर पर मौजूद नहीं थी। उसकी बेटी घर पर थी। इस दौरान मोहल्ले का युवक अरमान पुत्र शाकिर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। जानकारी होने पर उसने युवक के घर जाकर उसके पिता से बात की तो पहले तो उसने लड़की को वापस देने के लिए कह दिया, बाद में उसे धक्के मारकर भगा दिया तथा कोई कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से अपनी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# चेहलुम पर शेरकोट में निकला अलम व ताजियों का जुलूस

## कयामत तक इमाम हुसैन को याद किया जायेगा- मौलाना सफदर

**शेरकोट (चिंगारी)। शौहदा-ए-कर्बला के चेहलुम के मौके पर मंगलवार को शिया समुदाय के लोगों द्वारा परम्परागत ढंग से अलम व ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान सोगवारों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर और जंजीरों से मातम किया।**

विगत वर्षों की भांति मंगलवार दोपहर मुहल्ला खुराड़ा सादात स्थित इमामबाड़ा में एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को खिताब करते हुए, मौलाना सफदर इमामी अमरोहवी ने वाक्या कर्बला बयान किया, जिसे सुनकर वहां मौजूद लोग रोने लगे। इसके बाद बारिश के बीच शाम को जुलूस शुरू हुआ, जो अपने परम्परागत रास्तों से होता हुआ पूर्व चेयरमैन स्व. खुर्शीद आलम की कोठी के सामने पहुंचा, जहां मौलाना सफदर इमामी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया। उन्होंने इमाम हुसैन और उनके साथियों पर किये गये जुल्मों पर रोशनी डालते हुए कहा कि यजीद उस वक्त का सबसे बड़ा आतंकवादी था, जो हराम को हलाल करना चाहता था, लेकिन इमाम हुसैन ने अपना सब कुछ कुर्बान कर यजीद के नापाक मंसूबों पर हमेशा के लिए पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कर्बला जंग हमें बुराई व जुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाने और हक़ व सच का साथ देने और मिल-जुलकर आपसी भाईचारे के साथ रहने का पैगाम देती है। उन्होंने कहा कयामत तक इमाम हुसैन को याद और यजीद पर लानत भेजी जाती रहेगी।


जन समूह को खिताब करते मौलाना सफदर इमामी।

तकरीर से माहौल ग़मगीन हो गया और सोगवारों ने या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच सीनाजनी शुरू कर दी और इसके बाद अंजुमन गुंचाए पंजैतनी के तत्वावधान में दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर मातम किया और फिर जंजीरों से मातम कर खुद को लहुलुहान कर लिया। इसके बाद जुलूस मुख्य बाजार से होते हुए रात आठ बजे इमामबाड़ा पर पहुंचकर खत्म हो गया। जुलूस में अहतैशाम ज़ैदी, अरसलान ज़ैदी, हादी रज़ा, सालिम रज़ा, काजिम रज़ा आदि ने नौहाख्वानी की। जुलूस की अध्यक्षता एहतेशाम ज़ैदी ने की और संचालन निसार हैदर, ज़ीशान हैदर, मौहसिन रज़ा, शबी हैदर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्तारुल हसन, शाने हैदर, जमाल ज़ैदी, सरकार हैदर, आहिल रज़ा, सरफराज हैदर, सरकार हैदर, नासिर हुसैन, मौ. अली, ऐजाज हैदर, फरमान जैदी, आहिल रजा, सालिम रजा, शाने हैदर, शारिक जैदी, शाहवेज, जमाल जैदी, हैदर अब्बास आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## कुत्तों को पकड़कर वेक्सिनेशन के लिए भेजा

**नूरपुर (चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को नगरपालिका परिषद द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया, जिसमें 21 आवारा कुत्तों को पकड़कर स्टेरलाईजेशन और वैक्सीनेशन के लिए आनन्द चैरिटेबल ट्रस्ट, बिजनौर भेजा गया। अभियान में नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र, आनन्द चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम व नगर पालिक कर्मचारी उपस्थित रहे।




## जानलेवा हमले और बलवे का एक आरोपी गिरफ्तार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम हरचंदपुर में एक अगस्त की शाम अपनी रिश्तेदारी में आये व्यक्ति की रास्ते में खड़ी गाड़ी को लेकर उधर से पैदल गुजर रहे कुछ युवकों ने गाली-गलौच करते हुए एक परिवार पर लोहे के पाइप, दरांती, बलकटी, लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में तीन व्यक्तियों सुरेन्द्र, अशोक एवं गौतम के सिर फट गये थे तथा महिलाओं, युवतियों सहित आधा दर्जन से ज्यादा घायल हो गये थे। उक्त प्रकरण में पुलिस ने उसी दिन देर रात्रि में जोगेन्द्र की तहरीर पर रवि पुत्र रतन, रतन पुत्र नन्हे, अंकित पुत्र मदन, कलवा पुत्र विरेन्द्र, संदीप पुत्र बाबूराम, विरेन्द्र पुत्र जगराम, सैंकी पुत्र ब्रजपाल, सीताराम पुत्र तारे, छोटे पुत्र सुरेश तथा दीपक पुत्र बाबू कुल 10 व्यक्तियों के विरुद्ध जानलेवा हमला एवं बलवा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी एवं विवेचक अफजाल खां ने बताया कि एक नामजद आरोपी विरेन्द्र पुत्र जगराम को हरचंदपुर से गिरफ्तार करके मंगलवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उनका कहना है कि अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम लगी हुई है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



## गुलदार गांव में नज़र आया वन विभाग ने पिंजरा लगाया

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में गुलदार गांव के अन्दर दिखाई दिया। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। भयभीत ग्रामीण गुलदार के पिंजरे में फंसने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, गांव में पिछले काफी समय से गुलदार दिखाई दे रहा है। कल गुलदार गांव के अन्दर दिखाई दिया। कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने शौ सिंह के नलकूप पर व पाहुली को जाने वाले रास्ते पर गुलदार को बैठे देखा था। ग्राम प्रधान अली वारिस ने बताया कि वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए दो पिंजरे भेज दिए हैं। एक पिंजरा शौ सिंह के नलकूप पर पिंजरा लगा दिया है तथा दूसरा पिंजरा पाहुली को जाने वाले रास्ते पर लगाया जाएगा।



## कांवड़ यात्रा के लिये, पुलिस ने पैजनिया चौराहे पर विशेष प्रबंध किये



**पैजानिया (चिंगारी)।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पैजानिया चौराहे पर विशेष इंतजाम किए गए। चौराहे पर बैरियर लगाकर यातायात को नियंत्रित किया गया, ताकि कांवड़ लेकर गुजर रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या बाधा का सामना न करना पड़े। हल्दौर कोतवाल बिजेंद्र सिंह राठी के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरे क्षेत्र में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बना रखी है। पुलिसकर्मी लगातार चौराहे एवं प्रमुख मार्गों पर तैनात रहे और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करते हुए कांवड़ियों को सुरक्षित एवं निर्बाध मार्ग उपलब्ध कराया। आवश्यकतानुसार वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भी भेजा गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ती रहे। बिजेन्द्र सिंह राठी ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, पुलिस का सहयोग करें तथा कांवड़ यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखें।

## महिला के नाम पर लिया फ़र्ज़ी लोन, मुक़दमा दर्ज

**बिजनौर (चिंगारी)।** अम्बे विहार कॉलोनी निवासी एक महिला के नाम पर फर्जी तरीके से एक्सिस बैंक से पांच लाख रुपये का लोन लेकर रकम निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रेनू, पत्नी स्व. कंचपाल सिंह ने शहर कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उनका एक्सिस बैंक में कोई खाता नहीं है और न ही उन्होंने कभी वहां से लोन लिया। इसके बावजूद उनके नाम पर 1 अप्रैल 2024 को एक्सिस बैंक से पांच लाख रुपये का लोन स्वीकृत कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि लोन की पूरी राशि 10 अप्रैल से 8 मई 2024 के बीच संजीव नामक व्यक्ति ने एटीएम के माध्यम से निकाल ली। उन्हें इस फर्जी लोन की जानकारी तब हुई, जब उनकी बेटी के मोबाइल पर एक्सिस बैंक से लोन संबंधी कॉल आई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल अवनीत मान का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### होम लोन का मामला भी न्यायालय में

*रेनू ने बताया कि उन्होंने 16 मई 2023 को पंजाब नेशनल बैंक से 33 लाख रुपये का होम लोन लिया था। उनका आरोप है कि उस लोन की प्रक्रिया में भी तत्कालीन बैंक प्रबंधक और एजेंट द्वारा अनियमितता की गई थी, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है।*

### बैंक से नहीं मिला जवाब

*पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने धामपुर स्थित एक्सिस बैंक शाखा के प्रबंधक से यह जानना चाहा कि उनके नाम पर लोन किस अधिकारी ने स्वीकृत किया, तो उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।*

## न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**बिजनौर (चिंगारी)।** न्यायालय इलाहाबाद द्वारा नोटिफिकेशन के अनुसार अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट लोकेश नागर को यहीं पर विशेष सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट बनाया गया है, जबकि विशेष सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट सीमा वर्मा को यहीं पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सुनील कुमार तृतीय को यहीं पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है, जबकि बिहार से स्थानांतरित होकर आई अर्पणा पांडे को विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट बनाया गया है।

# हाईवे पर बस की चपेट में आई कार महिला घायल, काशीपुर में चल रहा उपचार

**शेरकोट (चिंगारी)। कांवड़ यात्रा के चलते वन-वे चल रहे हाईवे पर एक कार बस की चपेट में आने से उसमें सवार एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार हेतु एम्बुलेंस द्वारा काशीपुर ले जाया गया है।**




जनपद बरेली के थाना बहेड़ी अंतर्गत आने वाले सकलेन नगर निवासी इमरान अपनी पत्नी इशरत, भाई सलमान अहमद उसकी पत्नी फरहीन व बच्चों के साथ मंगलवार की शाम अल्टो कार में सवार होकर धामपुर की तरफ से अपने घर लौट रहे थे। जब ये मुहल्ला फतेहनगर स्थित गैस एजेंसी के पास पहुंचे तो उनकी कार सामने से आ रही प्राइवेट बस की चपेट में आ गई, जिससे कार में सवार फरहीन गंम्भीर रुप से घायल हो गई। घटना के बाद घायल महिला को पास में स्थित प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां से डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। इस दौरान पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मद्द से परिजनों की इच्छानुसार काशीपुर भेज दिया। घटना के बाद बस चालक बस सहित मौके से फरार हो गया। घायल को अस्पताल भेजकर पुलिस ने हाइवे से दुर्घटनाग्रस्त कार को हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया।

# गुलदार की दहशत से सहमे ग्रामीण, पिंजरा लगाने की मांग

**किरतपुर (चिंगारी)। विकास खंड किरतपुर की ग्राम पंचायत पाड़ला में पिछले एक सप्ताह से गुलदार की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार प्रतिदिन गांव के आसपास और खेतों में दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। किसान खेतों पर जाने और पशुपालक अपने मवेशियों को चराने तक से डर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार तीन दिन पहले गुलदार ने गांव निवासी गजरे ड्राइवर के घर में लगभग 10 फीट ऊंची दीवार फांदकर घुसा और वहां बंधी एक बछिया को अपना शिकार बनाने के बाद वह दोबारा उसी ऊंची दीवार को फांदकर जंगल की ओर चला गया। इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल और गहरा गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो कोई बड़ा हादसा भी हो**



**सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह-शाम खेतों में जाने वाले किसानों, महिलाओं और बच्चों में विशेष रूप से डर व्याप्त है। कई लोगों ने अकेले खेतों पर जाना बंद कर दिया है। गांववासियों ने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल गांव के आसपास पिंजरा लगाने तथा गुलदार को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है।**

## रामलीला मैदान में लगेगा कांवरती सेवा शिविर

**चांदपुर (चिंगारी)। सामाजिक संस्था सोशल वैलफेयर क्लब चांदपुर के तत्वावधान में सावन की शिवरात्रि पर 7 अगस्त से 10 अगस्त तक नगर के रामलीला मैदान में विशाल कांवरती शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विवेक यूनिवर्सिटी के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि 7 से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाले कांवरती शिविर में कांवरतियों के लिए नाश्ते, दूध, चाय, कच्चा व पक्के खाने, सोने के लिए बिस्तर, नहाने के लिए गर्म व ताजा पानी, दवाई व रात्रि में जागरण की भी व्यवस्था की गई है। श्री गोयल ने बताया कि श्रृद्धालु कांवरतियों के लिए अपने घरों से पराठा, पूरी, सब्जी आदि भी ला सकते हैं।**

## खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर मजदूर से 1500 रूपये ऐंठे

**नहटौर (चिंगारी)। साइबर फ्रॉड ठगों ने एक मजदूर को डेटिंग एप पर अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपियों ने पुलिस अधिकारी बनकर 4500 रुपए की डिमांड की। जिस पर कार्रवाई के डर से मजदूर ने 1500 रुपए ऑनलाइन पेमेंट कर दिया।**

नहटौर के ग्राम हरपुर निवासी एक व्यक्ति के पास कॉलकर्ता ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। उन्होंने युवक को डराते हुए कहा कि उसके द्वारा डेटिंग एप पर महिलाओं के प्रति अश्लील टिप्पणियां की गई है और इसके लिए उसे और उसके पिता को जेल भेजा जाएगा। पीड़ित युवक के अनुसार आरोपियों ने उसे वीडियो कॉल करते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया। उन्होंने धमकाते हुए कहा कि वह पुलिस टीम भेज कर सभी को गिरफ्तार कर लेंगे। युवक का दावा है कि वीडियो कॉल के दौरान सभी पुलिस की वर्दी में थे, साथ ही पीछे से गाड़ी के सायरन की भी आवाज आ रही थी। पीड़ित युवक ने घबराते हुए मामले को समाप्त करने की मांग की। जिस पर वीडियो कॉल करने वाले द्वारा आरोपियों द्वारा 4500 रुपए की डिमांड की गई। युवक द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया गया। जिस पर आरोपियों ने उसे वीडियो कॉल के जरिए कान पड़कर माफी मांगने और तुरंत पैसे भेजने का आदेश दिया। जिस पर पीड़ित द्वारा 1500 रुपये उनके द्वारा भेजे गए ऑनलाइन बारकोड पर भेज दिये। व्यक्ति का आरोप है कि उसके बाद भी कॉल आई और वह अतिरिक्त पैसों की डिमांड करने लगे। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस द्वारा मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

## दिव्यांग आश्रम में चिकित्सा शिविर का आयोजन




दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करते चिकित्सक।

**नांगल सोती (चिंगारी)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा आर्य सुगंध संस्थान दिव्यांग आश्रम, मुस्सेपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक सत्यम राणा (बीएएमएस) ने दिव्यांग बच्चों एवं बुजुर्गों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित कीं। दिव्यांग आश्रम से गरिमा, विश्व हिंदू परिषद से प्रखंड मंत्री जितेश सेहल, शिवम चौधरी आदि मौजूद रहे।**

# हवा चल जाये या एक-दो बूंद टपक जाये, विद्युत सप्लाई ठप

**पैजेनिया (चिंगारी)।** पैजनिया बिजली फीडर की हालात बेहद खस्ता है। थोड़ी सी हवा चल जाए या एक दो बूंद पानी की टपक जाए, बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। फोन करने पर कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिलता या फोन रिसीव नहीं होता है। पैजनिया बिजली फीडर क्षेत्र का बड़ा क्षेत्र वाला फीडर है, जिससे 58 गांव जुड़े है, लेकिन व्यवस्था बेहद खराब है। रोज कोई ना कोई फीडर बंद होता है। मंगलवार शाम से आज दोपहर तक बिजली सप्लाई नहीं हुई है। पावटी के कुलदीप, सुनील, इरशाद, दिलशाद, दानिश, मुकेश, मोहित ने बताया है कि बिजली फीडर पर फोन करने पर भी समस्या हल नहीं होती है। दूसरी समस्या यह है कि रात 9 बजे से 12 बजे तक बिजली कटौती होने से बच्चों पढ़ाई प्रभावित हो रही है और लोग गर्मी से परेशान है। जेई ने बताया है कि अंम्हेड़ा में खम्भा टूटने से बिजली सप्लाई बंद हुई, काम चालू है। अब सवाल यह की खम्भा अम्हेड़ा में टूटा है, सप्लाई पूरे फीडर की बंद है। केवल बीच से लाइन काट कर बाकी गांवों की सप्लाई शुरू की जा सकती थी। बिजली सप्लाई ना आने से गांव की जनता मे आक्रोश है।



**ये कैसा बिजली फीडर?**

# सोशल यूथ क्लब ने ईदगाह परिसर में किया पौधारोपण

**किरतपुर (चिंगारी)।** पर्यावरण संतुलन बनाये रखने और क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ सोशल यूथ क्लब द्वारा ईदगाह परिसर और मोतीचूर तिराहे पर पेड़ लगाकर पौधारोपण अभियान को मजबूत किया गया। यूथ क्लब द्वारा वृक्षारोपण में भागीदारी की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। इस मौके पर शाही इमाम किरतपुर मुफ्ती कलीम अहमद ने पौधारोपण को समाजहित में और आम जिंदगी में जरूरी बताया और कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण संतुलित रहेगा। शहर इमाम हजरत मौलाना मुफ्ती कलीम अहमद, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मजहर नामी एवं वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद याकूब ने यूथ क्लब के जिम्मेदार नौजवान साथियों मुदस्सिर सुल्तान, मोहताशिम परवेज, मास्टर मशकूर अहमद, नौमान उर रब, जुबैर राईन, दिलशाद खान, मेहरान राईन, दानिश



राईन, मौ. अरशद, हारून राईन, खालिद राईन, हारुन रशीद, जरीफ अहमद, खुर्रम नासिर, तालिब, फहीम सिद्दीकी, वाजिद, शहजाद, बहार अली, कामरान, शाहरुख, फैजान, महमूद बेग, शरीफ खां, औसाफ़ राईन, हारुन शेख, सईद हैदर, मुस्तकीम, अशरब के साथ मिलकर ईदगाह परिसर में पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुफ्ती कलीम अहमद ने कहा कि पौधा लगाना पुण्य का कार्य है। लगातार बढ़ते प्रदूषण के बीच इस तरह की पहल काबिले-तारीफ है। क्लब के साथी मोहतशिम, मुदस्सिर और मशकूर अतिथियों और साथियों का आभार जताया और कहा कि हम अपने साथियों के सहयोग से आगे राष्ट्रीय हित में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पौधारोपण कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि समाज के प्रमुख प्रबुद्धजनों और युवाओं की भागीदारी रही।



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 6 अगस्त 2026**

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आपसी सद्भाव, नवसमाचार से प्रसन्नता।

वृषभ- आरोग्य सुख में वृद्धि, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, धनागम का मार्ग प्रशस्त, सोचे हुए कार्य सफल, आत्मिक शांति, दूसरों की सलाह मान्य।

मिथुन- अड़चनों का समापन, विशिष्टजनों से सहयोग, इच्छाशक्ति जागृत, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्न, मंगल आयोजन सम्पन्न, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

कर्क- सफलता का मार्ग अवरुद्ध, कार्य-व्यवसाय में असंतोष, गलतफहमियों के शिकार, स्वयं की प्रतिभा कुंठित, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, यात्रा विफल।

सिंह- आत्मशक्ति का विकास, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, वैवाहिक जीवन संतोष-जनक, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, यात्रा सुखद।

कन्या- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, लाभ का पर्याप्त अवसर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, मानसिक शांति।

तुला- सद्विचारों का उदय, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, वैवाहिक समस्या का विकास, भोग-विलासिता की ओर रुझान, शुभ समाचार मिलने से खुशी।

वृश्चिक-स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद की आशंका, कर्ज से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तनाव, योजना अधूरी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, मानसिक अशांति।

धनु- दिन अनुकूल, नौकरी में प्रोन्नति, समस्याओं का पूर्ण समाधान, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में अधिक व्यय, गलतफहमी दूर होने को।

मकर- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, व्यापार में धन निवेश, इच्छाशक्ति जागृत, प्रियजनों से विचार-विमर्श, महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन।

कुम्भ- स्वास्थ्य में सुधार, स्वयं का निर्णय हितकर, उत्तरदायित्व हेतु प्रयास, धन सम्पत्ति मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मीन- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, योजना पूर्ति में अड़चनें, अप्रिय घटना से मन अशांत, धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि, प्रेम सम्बन्धों में तनाव, वाहन से भय, सम्मान में कमी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# आज भी नाई देता है शुभ, अशुभ सूचना

**अपना गांव**

**खासपुरा ( चिंगारी )।** तकनीक और सोशल मीडिया के बढ़ते दौर के बावजूद नूरपुर ब्लॉक के खासपुरा-उमरी बड़ी गांव में आज भी अंतिम अरदास, आखिरी, जिस्टोन, मंढा आदि कामों के लिए गांव में रिश्तेदारों, परिजनों और गांव वालों के लिए सिंगल आदमी या चूल्हा-नौत (पूरे परिवार) की दावत नाई द्वारा घर-घर जाकर दी जाती है। यह वर्षों पुरानी परंपरा आज भी सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक बनी हुई है।

उमरी बड़ी निवासी अजगर ने बताया, हमारे पूर्वजों के समय से ही यह जिम्मेदारी हमारे परिवार की रही है। मेरी उम्र भी 60 साल के करीब है, किसी घर में शोक होने पर हम गांव या आसपास के गांव में जाकर लोगों को अंतिम अरदास, रस्म पगड़ी और और घर पर होने वाले अन्य प्रोग्राम की जानकारी दावत या चूल्हा नौत के बारे में देते हैं। यह केवल काम नहीं, बल्कि समाज की सेवा और परंपरा को निभाने का दायित्व है।



मोहम्मद अजगर

### ग्रामीण चौ. बलराम सिंह का कहना है-

आजकल सोशल मीडिया का जमाना है, मोबाइल से सूचना देना आसान है, लेकिन नाई द्वारा घर-घर जाकर सूचना देने से अपनापन और सम्मान का भाव बना रहता है। इसलिए हम आज भी इस परंपरा को निभा रहे हैं।

### ग्रामीण भूपेंद्र सिंह नीटू ने कहा-

इस परंपरा से पूरे गांव को समय पर सूचना मिल जाती है और सभी लोग दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े होते हैं। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है।

### ग्रामीण व्यापारी वाजिद अहमद का कहना है-

नई पीढ़ी को भी ऐसी सामाजिक परंपराओं का महत्व समझना चाहिए। आधुनिक साधनों के साथ-साथ हमारी पुरानी परंपराओं को भी जीवित रखना जरूरी है।

**प्रस्तुति : हरमन्दर सिंह**

# मेरा नाम करेगा रोशन...


**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** आज का बचपन केवल खेलकूद तक सीमित नहीं है, बल्कि बड़े सपनों और उन्हें साकार करने के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। कोई इंजीनियर बनने का सपना देख रहा है, तो कोई डॉक्टर, नेवी अधिकारी और पुलिस अधिकारी बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहता है। इन बच्चों के सपनों को उड़ान देने में उनके अभिभावक भी पूरा सहयोग कर रहे हैं और बेहतर शिक्षा के साथ हरसंभव मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं।



नगर के मोहल्ला किला निवासी ऋतु अग्रवाल पत्नी अंकुर अग्रवाल की 15 वर्षीय पुत्री रीत अग्रवाल जो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है, भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। उसके अभिभावकों का कहना है कि बेटी के सपने को साकार करने के लिए वे हरसंभव सहयोग करेंगे और उसकी शिक्षा में कोई कमी नहीं आने देंगे।



इसी क्रम में मोहल्ला किला निवासी मीना रस्तोगी पत्नी क्षितिज रस्तोगी की पुत्री विभूति रस्तोगी जो कि सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अफजलगढ़ में कक्षा 8 की छात्रा है, डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। उसके माता-पिता का कहना है कि उनकी बेटी जिस भी क्षेत्र का चयन करे वह पूरी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़े तथा एक सफल एवं जिम्मेदार नागरिक बने।



नगर निवासी अरुणा रानी पत्नी स्वर्गीय संदीप कुमार की 12 वर्षीय पुत्री कामाक्षी जो सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा 8 की छात्रा है, भविष्य में नेवी ऑफिसर बनने का सपना देख रही है। उसकी माता का कहना है कि बेटी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए परिवार हरसंभव प्रयास कर रहा है।



वहीं नगर निवासी सीमा रानी एवं राजू कुमार की 9 वर्षीय पुत्री अनन्या जो सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा 5 की छात्रा है, एसीपी (असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस) बनना चाहती है। उसके माता-पिता का कहना है कि बेटी के सपनों को साकार करने के लिए उसे बेहतर शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है।

**प्रस्तुतिः नितिन दिनेश कौशिक**

**गंज ( चिंगारी )।** माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा जीवन में सफल होकर उनका नाम रोशन करे। इसके लिए वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और सही मार्गदर्शन देते हैं। इसके लिए वे हर संभव प्रयास करते हैं तथा अपने सामर्थ्य के अनुसार कोई भी कमी नहीं छोड़ते। हर माता-पिता अपने बच्चे की रूचि के अनुरूप सपना देखते हैं।



एक ऐसा ही सपना गंज के विशाल अग्रवाल ने भी अपने पुत्र राम अग्रवाल के लिए देखा है। वह राम को बड़ा होकर अच्छा सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनते देखना चाहते हैं, जिसके लिए राम भी जबरदस्त मेहनत कर रहा है। दा हेज़लमून स्कूल रोनिया चांदपुर के कक्षा 8 में पढ़ने वाला राम गत तीन वर्ष से कक्षा में प्रथम स्थान ही प्राप्त करता आ रहा है।



एएन इण्टर नेशनल स्कूल बिजनौर के कक्षा 9 का छात्र अंशुमन लगातार अपनी कक्षाओं में टॉप स्थान पर है। अंशुमन के पिता राकेश कुमार सरकारी अध्यापक हैं। राकेश कुमार अपने पुत्र को आई.आई.टी इंजीनियर बनते देखना चाहते हैं, जिनके सपने को पूरा करने के लिए अंशुमन अथक प्रयास कर रहा है।

गंज के रहने वाले निशांत अग्रवाल पल्लवी अग्रवाल का सपना है कि बेटी आरना अग्रवाल जो सेंट मैरी बिजनौर की कक्षा चार की छात्रा है पिछले दो साल से सौ प्रतिशत अटेंडेंस अवार्ड जीत रही है,बड़े होकर डॉक्टर बनाकर नाम रोशन करेगी तथा समाज सेवा करेगी।



**प्रस्तुति : शशि भूषण शर्मा, सुरेन्द्र भटनागर**

## सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उब्बनवाला में जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनहितकारी सोच को ग्रामीणों तक पहुंचाया। इस दौरान हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसान, नौजवान, मजदूर, गरीब, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों की आवाज़ उठाती रही है। उन्होंने लोगों से समाजवादी पार्टी को मज़बूत करने तथा आगामी चुनावों में पार्टी का समर्थन करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर समाजवादी पार्टी की नीतियों पर विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी को मज़बूत बनाने का संकल्प लिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने हाजी रफ़ीक़ अंसारी का स्वागत किया। इस मौके पर नईम अहमद, सुरेश सिंह, नदीम अहमद, अतीक अहमद, मुकीम अहमद, फ़हीम अहमद, मुकर्रम, मुशर्रफ़, नज़ाकत अहमद, अमजद आलम, शकील अंसारी, हाशिम, शहीर अंसारी, लियाक़त अंसारी, इमरान अहमद, फ़ैसल अंसारी, हाजी इरफान अंसारी, डॉ. सईदुरहमान, नसीम अहमद अंसारी, अतीक अंसारी, दिलशाद अहमद आदि काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# मित्रता केवल संबन्धों तक ही सीमित नहीं होती : स्वामी चिदानंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** परमार्थ पीठाधीश्वर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि सच्ची मित्रता केवल संबंधों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने पर्यावरण और समस्त सृष्टि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि मित्र वह जो हमारे सुख-दुःख में साथ दे, मित्र वह भी है जो हमें श्रेष्ठ बनाये, हमारे जीवन को दिशा दे और हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराये यदि हम सचमुच मित्रता का उत्सव मनाना चाहते हैं तो हमें अपने राष्ट्र, अपनी संस्कृति, अपनी नदियों, अपने पर्वतों, अपने वृक्षों और अपनी धरती का भी मित्र बनना होगा। स्वामी जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मित्रता का अर्थ केवल व्यक्तिगत संबंध नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना है। स्वामी जी ने मित्रता दिवस एवं स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रध्वज के शिल्पकार पिंगली वेंकैया की जयंती पर कहा कि हम राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को भी निभाएं। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, नारी सम्मान, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों का पालन करें यही राष्ट्रभक्ति है और यही राष्ट्र के प्रति हमारी मित्रता की पहचान भी है।



# डेढ़ माह पूर्व भूस्खलन से हुई क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की नहीं हुई मरम्मत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र स्थित तच्छाली गांव में डेढ़ माह पहले भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइन की अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। फिलहाल ग्रामीणों ने प्लास्टिक पाइप जोड़कर अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था कर किसी तरह गांव में पानी की आपूर्ति चालू की है। ग्रामीणों में बरसात के मौसम में कभी भी वैकल्पिक व्यवस्था के ध्वस्त होने की आशंका बनी है। स्थानीय निवासी शंकर बेबनी ने बताया कि गांव में चरेख पंपिंग पेयजल योजना से जलापूर्ति होती है। वहीं निर्माणाधीन तच्छाली-स्यालिंगा मोटर मार्ग पर डेढ़ माह पूर्व हुई बारिश के दौरान हुए भूस्खलन से मुख्य पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्लास्टिक पाइप लगाकर जलापूर्ति बहाल की और इसकी सूचना जल संस्थान को भी दी लेकिन अब तक स्थायी मरम्मत नहीं हुई है। कहा कि सड़क कटिंग के कारण पहाड़ी से लगातार मलबा और पत्थर गिर रहे हैं। ऐसे में अस्थायी प्लास्टिक पाइप कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं जिससे पूरे गांव की पेयजल आपूर्ति ठप होने का खतरा बना है। उन्होंने विभाग से जल्द पेयजल लाइन की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

## जल संस्थान की जेई बोलीं..

**इस संबन्ध में जल संस्थान की जेई अनुजा गुसाईं ने बताया कि आपदा से क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की मरम्मत के लिए इस्टीमेट तैयार कर आपदा मद से बजट की मांग भेजी जा रही है। बजट स्वीकृत होते ही पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।**

# युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो सगे भाई चाकू के साथ गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जुलाई 2026 को वादिनी इंदु निवासी काशीरामपुर द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना दिया गया, जिसमें बताया गया कि उनका पुत्र लकड़ी पड़ाव स्थित सिद्धबली पब्लिक स्कूल के समीप आयोजित मेले में गया हुआ था। मेले के दौरान किसी बात को लेकर उसका विवाद वहां मौजूद दो युवकों के साथ हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों युवकों द्वारा उनके पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे उसे गर्दन, गले एवं सिर पर गंभीर चोटें आईं। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ एवं अन्य माध्यमों का प्रयोग करते हुए घटना में संलिप्त आरोपियों की पहचान की, जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल दोनों सगे भाइयों मयंक, एवं प्रवीण, राकेश कुमार, निवासी-काशीरामपुर तल्ला को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रकृति संरक्षण उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग : गीता धामी

## सेवा संकल्प फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा विकासखंड बीरोंखाल के नौगांव स्थित पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण एवं पौध वितरण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत नींबू, कटहल, लीची एवं अनार सहित लगभग 300 फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण के साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को सेवा संकल्प फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष गीता धामी ने दूरभाष के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति, स्वयं सहायता समूहों की सदस्याओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विधानसभा चौबट्टाखाल क्षेत्र में अभियान के शुभारंभ हेतु विधायक सतपाल महाराज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। ब्लॉक प्रमुख नेहा नेगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक प्रतिनिधि दर्शन सिंह रीगोड़ा ने सेवा संकल्प फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नौगांव ओमपाल बिष्ट, सेवा संकल्प फाउंडेशन के प्रतिनिधि पवन सिंह, स्वयं सहायता समूह की ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुषमा बिष्ट व ज्येष्ठ प्रमुख कुलदीप नेगी सहित जनप्रतिनिधि, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# श्री देव सुमन विश्व विद्यालय के लम्बित परीक्षा परिणाम अब होने लगे घोषित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी की पहल पर श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने बी.एड. एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के लंबित परीक्षा परिणाम करने आरंभ कर दिए हैं। इस पर छात्र-छात्राओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध अनेक महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अंतिम सेमेस्टर के परिणाम घोषित न होने के कारण विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। आवेदन की अंतिम तिथि नजदीक होने से छात्र-छात्राओं में भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्याप्त थी। इस संबन्ध में छात्र-छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व कैबिनेट मंत्री से मिला और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। पूर्व मंत्री ने तत्काल श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से दूरभाष पर वार्ता कर लंबित परिणाम शीघ्र घोषित करने के लिए निर्देशित किया था। इस पर विवि ने लंबित परीक्षा परिणाम घोषित करने आरंभ कर दिए हैं। छात्रों ने कहा कि अब उन्हें आसानी से अगली कक्षाओं में प्रवेश मिल जायेगा। पूर्व मंत्री से मुलाकात करने वालों में अंकुश घिल्डियाल, शुभम सुयाल, कशिश, शीतल, अंकुर केस्टवाल, अंजलि गुसाईं, ऋतु, मनीष नेगी, रोहित कुमार, आकृति सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया बाल कृष्ण का जन्मदिन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति तथा पतंजलि किसान सेवा समिति युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय उद्यान में आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर औषधियुक्त पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर न्यास के दिनेश जुयाल ने कहा कि जड़ी बूटी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण, और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को औषधीय पादप के गुण धर्म बताकर ही पादप प्रदान की जाती है ताकि वह पादप का संरक्षण कर सके और पादप संबंधी जानकारी को अपने आसपास के लोगों तक पहुंचा सके। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमन कोटनाला,आर पी पंत, अशोक नेगी, चंद्र किशोर असवाल, विवेक अग्रवाल, रमाकांत कुकरेती और शशि भूषण अमोली आदि मौजूद रहे।

# बन्दरों व निराश्रित गौवंश से लोग परेशान समस्या का नहीं हो रहा कोई निदान

## महिलाओं ने भेजा डीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 18 शिवपुर डिग्री कालेज रोड क्षेत्र निवासी वर्तमान में बंदरों और आवारा गौवंशों की समस्या से परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या स्कूली छात्र, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है।

इस संबन्ध में स्थानीय महिलाओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि एक ओर जहां बंदर सुबह-सुबह ही मकानों की छतों पर धमक कर उत्पात मचा रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में मोहल्ले की सड़क पर इकट्ठा गौवंश से भी स्कूली छात्रों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कहा कि इस संबन्ध में स्थानीय निवासी पूर्व में भी अधिकारियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन इस संबन्ध में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में महिलाओं ने जिलाधिकारी से इस संबन्ध में संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में लक्ष्मी मधवाल, ज्योति सिंह, सुमा देवी, गुड्डी विडालिया, सरला देवी, मीना देवी, चंद्रकला देवी, सरस्वती देवी और मनोरमा देवी आदि शामिल रही।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# कुत्तों द्वारा घायल हिरण किराने की दुकान में घुसा



चंदक (चिंगारी)। मंगलवार को दबकौर प्रजाति का एक मादा हिरण घायल अवस्था में जंगल से निकलकर दुकान में घुस गई, जिससे दुकान में अफरा-तफरी मच गई। बामुश्किल घायल हिरण को लोगों ने पकड़कर दुकान से निकाला और बैठाया। वन विभाग को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे कर्मचारी हिरण को उपचार के लिए अपने साथ ले गए। मंगलवार की शाम रेलवे स्टेशन के पार जंगल से एक हिरण घायल अवस्था में भागते हुए किराने की दुकान में घुस गया। हिरण के पीछे कुत्ते पड़ गए थे, जिससे बचकर वह भाग रहा था। हालांकि हिरण का पीछा कर रहे कुत्तों को बंदरों के झुंड ने भगा दिया था। इसके बाद वन विभाग के चंद्र मोहन मौके पर पहुंचे और हिरण को अपने साथ ले गए।


!! जय श्री महाकाल !!

हर-हर महादेव!



समस्त नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी बंधुओं को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि श्री बाबा जय शिव मंदिर (मौहल्ला अचार जान में संगीतबद्ध

``श्री शिव महापुराण कथा''

का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कथा व्यास

श्री परम पूज्य श्री राजू गौड़ जी (राजू भैया जी)

के श्रीमुख से शिव महिमा की अमृत वर्षा होगी।

कार्यक्रम का समय व विवरण

कथा तिथियां................................5 अगस्त से 13 अगस्त तक

पूजन समय..........................................दोपहर 2:00 बजे से

कथा प्रारंभ........................अपराह्न 3:00 बजे से (प्रभु इच्छा तक)

विशाल भंडारा व शिव प्रसाद........14 अगस्त (दोपहर 12:00 बजे से)

स्थान - श्री बाबा जय शिव मंदिर, मौहल्ला अचार जान

संगीत की मधुर तानों के साथ भगवान भोलेनाथ की कथा का आनंद लेने हेतु सपरिवार पधारें।

14 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे से आयोजित प्रभु के विशाल प्रसाद (भंडारे) को ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें।

आयोजक :
एस. के. बबली एडवोकेट
संजीव अग्रवाल एडवोकेट
सुभाष कुमार बबलू प्रमुख
सुमित सिंघल, विनीत अग्रवाल लालू
वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट
शिवा अग्रवाल, देव अग्रवाल एडवोकेट

:कार्यक्रम सह संयोजक
अनिल भटनागर एडवोकेट, मनोज गोयल, तुषार चौधरी एडवोकेट
शुभम चौधरी एडवोकेट (बलधिये वाले)
मनोज चौधरी मनी (सभासद नगर पालिका परिषद बिजनौर)
संदीप चौधरी एडवोकेट (सोनू)
दिलीप रस्तोगी, रवि मेहरा एडवोकेट, अनुज गोयल सोनू,
वैभव अग्रवाल, आयुष जिंदल

श्री बाबा जय शिव मंदिर, मौहल्ला अचार जान निकट राम का चौराहा बिजनौर
मो०नं० 9456438807, 9412401906, 9917471021



आवश्यकता है

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148



धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।






Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर